Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -89 रविवार ,29 जनवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

न रगड़ के बिना रत्न पर पालिश होती है न कठिनाईयों के बिना मानव में पूर्णता आती है।
-लाओत्से-

## संक्षिप्त समाचार

### धर्म परिवर्तन के मामले में गृहमंत्री के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**इंदौर ,28 जनवरी 2023 (ए)।** मध्य प्रदेश में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के बढ़ते मामले रोकने के लिए धर्म स्वतंत्र अधिनियम कानून बनाया गया. मगर ऐसा लगता है कि ये कानून सिर्फ कागज पर ही काम कर रहा है, जमीन पर नहीं. क्योंकि, राजधानी भोपाल में पिछले दिनों पीड़ित महिला पर उसका मुस्लिम जीजा अपने दोस्त से धर्म परिवर्तन कर जबरदस्ती शादी का करने का दबाव बना रहा था,




### इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी शहजाद की मौत

**नई दिल्ली ,28 जनवरी 2023 (ए)।** इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी शहजाद की मौत हो गई है। वो तिहाड़ जेल में बंद था और बीमार था। बाटला हाउस एनकाउंटर केस में



उसे साल 2013 में सजा हुई थी। जबकि इसके दो साथी आतिफ आमीन और मोहम्मद साजिद मारे गए थे। शहजाद की उम्र 32 साल थी। तबीयत खराब होने पर पहले उसे जीटीबी अस्पताल भेजा गया। इसके बाद एम्स रेफर किया गया था। अदालत ने उसे बाटला हाउस मुठभेड़ मामले में इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या व अन्य अधिकारियों पर हमला करने का दोषी ठहराया था।

# राष्ट्रपति के हाथों आज होगा अमृत उद्यान का उद्घाटन

### 31 जनवरी से दर्शक कर सकेंगे दीदार

**नई दिल्ली,28 जनवरी 2023 (ए)।** राष्ट्रपति भवन के बगीचों का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया है। इसका नाम आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में बदला गया है। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने शनिवार को बताया, देश की राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन के उद्यानों को अमृत उद्यान के रूप में इस गार्डन का नाम दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को यानी कि कल अमृत उद्यान का उद्घाटन करेंगी।

कहा गया है, भारत की राष्ट्रपति , द्रौपदी मुर्मू कल (29 जनवरी, 2023) राष्ट्रपति भवन उद्यान का उद्घाटन करेंगी। गार्डन (हर्बल गार्डन, बोन्साई गार्डन, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन) शुरू में लगभग दो महीने तक खुले रहेंगे। बता दें कि हर साल अमृत उद्यान आम लोगों के लिए खोला जाता है, जो इस वर्ष 31 जनवरी को खुलेगा और 26 मार्च तक दो माह तक के लिए खुला रहेगा। गार्डन खुलने का समय 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। 28 मार्च को



किसानों के लिए, 29 को दिव्यांगों के लिए, 30 पुलिस और सेना के लिए यह खुलेगा।

### अमृत उद्यान में इस वर्ष अनूठी ट्यूलिप

जानकारी के अनुसार, सुबह 10 बजे से 12 बजे तक 7500 लोगों के लिए टिकट मिलेगा। उसके बाद 12 से चार बजे तक 10 हजार लोगों को प्रवेश मिलेगा। इस वर्ष प्रमुख आकर्षणों में से विशेष रूप से 12 अनूठी किस्मों के ट्यूलिप होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लोग यात्रा के दौरान किसी विशेष फूल, पौधे या पेड़ के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए बगीचों में रखे क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। इससे उन्हें उसके बारे में अधिक जानकारी मिलेंगी।

बगीचों के अलावा, लोग सप्ताह में पांच दिन (बुधवार से रविवार तक) राष्टपति भवन और सप्ताह में छह दिन (मंगलवार से रविवार तक) राष्टपति भवन संग्रहालय में जा सकते हैं और साथ ही हर शनिवार को चेंज-ऑफ-गार्ड समारोह देख सकते हैं।

# मुरैना में एयरफोर्स के 2 लड़ाकू विमान टकराए

### 2 की मौत; भरतपुर में चार्टर्ड प्लेन क्रैश, रेस्क्यू जारी

**मुरैना,28 जनवरी 2023 (ए)।** मध्य प्रदेश के मुरैना में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया जिसमें एयरफोर्स के दो लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज 2000 दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में 2 लोगों की मौत की खबर है। सूचना मिलते ही मौके पर राहत बचाव दल पहुंच गया है और आगे की कार्रवाई में जुट गया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक दोनों विमानों ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरी थी, जहां अभ्यास चल रहा था।




बता दें कि इससे कुछ देर पहले ही यूपी के आगरा से उड़ान भरने वाला एक हेलीकॉप्टर राजस्थान के भरतपुर जिले के उच्छैन क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही है कि रिहाइशी इलाके में ये प्लैन क्रैश नहीं हुआ। डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि भरतपुर में एक चार्टेड एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

वहीं दूसरी तरफ राजस्थान के भरतपुर जिले में शनिवार को एक चार्टर्ड विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्लेन के क्रैश होने से उसमें आग लग गई। सूचना के बाद जिला प्रशासन मौके पर पहुंच चुका है।

बता दें कि ग्रामीणों ने जैसे ही धमाके की आवाज सुनी, तुरंत वे हेलीकॉप्टर के पास पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन हेलीकॉप्टर कुछ ही देर में जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने हेलीकॉप्टर के अंदर दो लोगों के होने की संभावना जताई है।

भरतपुर के जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि पुलिस और प्रशासन को मौके पर भेजा गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। विमान क्रैश होने का कारण तकनीकी खराबी बताया जा रहा है।

डिफेंस पीआरओ अमिताभ शर्मा ने इसकी पुष्टि की है, लेकिन अभी तक यह पता नहीं चला है कि कौनसा विमान क्रैश हुआ है। वायुसेना के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं।

## भीषण आग में डॉक्टर दंपति समेत 6 मरीजों की मौत

**धनबाद ,28 जनवरी 2023 (ए)।** झारखंड के धनबाद जिले में हाजरा क्लीनिक अस्पताल में बीती देर रात आग लग गई। आग की चपेट में अस्पताल में भर्ती कुछ मरीज आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे में अबतक अस्पताल के डॉक्टर विकास हाजरा और उनकी पत्नी डॉ प्रेमा हाजरा समेत 6 मरीजों की मौत हो गई। घटना करीब रात 2 बजे की है। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल गाड़ियों को आग बुझाने और रेस्क्यू करने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। आग लगने के कई घंटो बाद आग पर काबू पाया जा सका।



घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि डॉक्टर दंपति समेत 6 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। आग पर काबू पा लिया गया है। सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल की गाड़ियां पहुंची थीं। आग की वजहों के बारे में कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। हालांकि शार्ट सर्किट की वजह सामने आ रही है। मेडिकल ऑक्सीजन की वजह से आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। मृतकों की लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई है।

# ट्रेनी दरोगा रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ,28 जनवरी 2023 (ए)।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक थाने में तैनात प्रशिक्षु दरोगा गुलाब सिंह राजपूत को 4 लाख की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन मेरठ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दरोगा के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गुलाब सिंह को सेवा से बर्खास्त करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। आरोपी ने सेवानिवृत्त कमांडर राजीव सरदाना से वर्ष 2019 में निर्माणाधीन एएमआर मॉल में 7 करोड़ के सामान चोरी होने के केस की जांच के लिए 15 लाख रुपए मांगे थे। बाद में 13 लाख रुपए देने की बात तय हुई थी। पहली किस्त के तौर पर आरोपी 4 लाख लेने पहुंचा था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



दरअसल 20 जनवरी 2019 को एएमआर मॉल के जनरल सेक्रेटरी कर्नल वीरेंद्र भाटिया ने ईकोटेक थाना वन में केस दर्ज कराया था। आरोप था कि टेक जोन 9 में निर्माणाधीन एएमआर मॉल से जंपिंग मशीन, जनरेटर सेट, स्वचालित सीढ़ियों समेत करीब 7 करोड़ रुपए का सामान चोरी हो गया। मामले में किसी को नामजद नहीं किया गया था।

ईकोटेक 1 थाना पुलिस के मुताबिक मामले के जांच अधिकारी गुलाब सिंह ने राजीव सरदाना से केस में उसका नाम सामने आने की बात कही थी और रुपए देने पर सरदाना और उसकी पत्नी को जेल भेजने की धमकी दी थी। राजीव सरदाना पहली किस्त के तौर पर 4 लाख देने को तैयार हो गए। उन्होंने इसकी सूचना एंटी करप्शन मेरठ टीम को दे दी। शुक्रवार को एंटी करप्शन की टीम बताए गए समय व सूरजपुर में स्थान पर पहुंच गई। दरोगा ने जैसे ही राजीव सरदाना से रुपए लिए, एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

## जो भारत का खाता है वो हिंदू, फिर मुझे लोग क्यों नहीं कहते

**केरल ,28 जनवरी 2023 (ए)।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को तिरुवनंतपुरम में हिंदू कॉन्क्लेव में भाग लिया. इस दौरान उन्होंने कहा कि आर्य समाज के लोगों द्वारा किए गए स्वागत के दौरान उन्होंने कहा कि वह आभारी हैं कि वे उनके योगदान का सम्मान कर रहे हैं, लेकिन मेरी शिकायत है कि आप मुझे हिंदू क्यों नहीं कहते? केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हिंदू एक धार्मिक शब्द है, बल्कि यह एक एक भौगोलिक शब्द है. उन्होंने कहा कि कोई भी जो भारत में पैदा हुआ है, कोई भी जो भारत में उत्पादित अन्न खाता है, कोई भी जो भारत की नदियों से पानी पीता है, वह खुद को हिंदू कहने का हकदार है. उन्होंने कहा कि आपको मुझे हिंदू कहना चाहिए.



राज्यपाल ने हिंदू सम्मेलन में बोलते हुए सर सैयद अहमद खान को उद्धृत किया. उन्होंने कहा कि सर सैयद अहमद खान एक सुधारक और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक थे. इसके साथ ही केरलर के राज्यपाल ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर कहा कि ब्रिटिश राज में कोई डॉक्यूमेंट्री क्यों नहीं बनी? जब कलाकार के हाथ काटे गए तो डॉक्यूमेंट्री क्यों नहीं बनाई? राज्यपाल ने कहा कि जो लोग भविष्यवाणी कर रहे थे कि भारत टूटकर आपस में भिड़ जाएगा,

## त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने 48 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नई दिल्ली, 28 जनवरी 2023 (ए)।** त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा चुनाव समिति की बैठक हुई जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ चुनाव समिति के सदस्यों ने भाग लिया और भाजपा ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर 48 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है जिसमें 11 महिलाओं को टिकट दिया गया है और 12 सीटों पर बाद में फैसला लिया जाएगा और वही मुख्यमंत्री मानिक शाह टाउन बोर्डावाली से चुनाव लड़ेंगे तो भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और नॉर्थ ईस्ट के प्रभारी संबित पात्रा ने चुनाव समिति बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि त्रिपुरा में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार दोबारा से बनने जा रही है क्योंकि जिस तरह से पिछले 4 साल 6 महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जो त्रिपुरा में विकास कार्य हुए हैं पिछले सरकारों ने कुछ भी नहीं किया था। संबित पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक शाह ने जो त्रिपुरा में विकास की है उसे वहां की जनता ने शुरू से भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने का संकल्प लिया है। संबित पात्रा ने कहा कि त्रिपुरा में 25 लाख लोगों को मुफ्त राशन दिया गया है वही 53 प्रतिशत घरों में पीने के पानी मुहैया कराया गया तो वही 3ज़50 आवास योजना का लाभ मिला।12.50 लाख लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच 5 लाख दिए गए वही 4 लाख टॉयलेट बनवाए गए। तिरपुरा को लेकर कभी भी बड़ी रकम नहीं दी जाती थी लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने 14000 करोड़ का फलाना फोन रख दिया किसान सम्मान निधि में 2.50 लाख लोगों को फायदा हुआ। संबित पात्रा ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर काम करती है और इसी को लेकर भाजपा ने 11 महिलाओं को टिकट दिया है।



## हिमस्खलन से 11 घंटे बंद रहा मनाली-केलांग राष्ट्रीय राजमार्ग



### आधे घंटे तक रुका चंद्रा नदी का बहाव

**केलांग ,28 जनवरी 2023 (ए)।** अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल के समीप आधी रात को हिमस्खलन हुआ। हिमस्खलन होने से मनाली-केलांग राष्ट्रीय राजमार्ग 11 घंटे बंद रहा। हिमस्खलन की आवाज सुनकर तेलिंग के ग्रामीण नींद से उठ गए, वहीं पता चलते ही बीआरओ सड़क बहाली में जुट गया। बीआरओ ने एक बजे हिमस्खलन को हटाकर यातायात सुचारू किया। हालांकि हिमस्खलन टनल की पहाड़ी में हुआ लेकिन भारी-भरकम हिमस्खलन ने नदी पार कर सड़क को भी अवरुद्ध कर दिया। वहीं हिमस्खलन से चंद्रा नदी का बहाव भी आधा घंटा रुक गया।

लाहौल में भारी हिमपात होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। हालांकि घाटी की मुख्य सड़कें बीआरओ ने बहाल कर ली हैं लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के सभी संपर्क मार्ग अभी अवरुद्ध चल रहे हैं। मनाली से दारचा तक सड़क बहाल कर दी गई है तथा प्रशासन ने फोर व्हील ड्राइव वाहनों में ही सफर करने की सलाह दी है। लाहौल में शुक्रवार को धूप खिलने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। डीसी लाहौल-स्पीति सुमित खिमटा ने बताया कि देर रात हुए हिमस्खलन ने सड़क को अवरुद्ध कर दिया था जिसे दोपहर एक बजे बहाल कर लिया है। उन्होंने कहा कि भारी हिमपात के बाद घाटी में जगह-जगह हिमस्खलन हो रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने घाटी वासियों से आग्रह किया कि जरूरत पड़ने पर फोर व्हील ड्राइव वाहनों में ही सफर करें।

# बम विस्फोट की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सूरत ,28 जनवरी 2023 (ए)।** गणतंत्र दिवस पर गुजरात के अहमदाबाद में सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी देने के मामले में गुजरात पुलिस ने बलिया के मनियर क्षेत्र से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. पुलिस के अनुसार, आरोपी के परिजनों ने उसे झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगाया है. हालांकि, पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि गुजरात पुलिस की तीन सदस्यीय टीम ने शुक्रवार की रात मनियर थाना क्षेत्र के देवरार गांव से ओम प्रकाश पासवान नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिसके बाद उसे अपने साथ लेकर चली गयी है.

सूत्रों के अनुसार अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर ऑफिस को बीते 25 जनवरी को धमकी भरा पत्र मिला था. इस चिट्ठी में अहमदाबाद में रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड समेत विभिन्न स्थानों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी गयी थी. उन्होंने बताया कि गुजरात पुलिस ने छानबीन में पाया कि पत्र भेजने वालों में चार लोग शामिल हैं, जिनमें से मुख्य आरोपी बलिया का रहने वाला है. इस आधार पर गुजरात पुलिस शुक्रवार को मनियर थाने पर पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ मनियर थाना क्षेत्र के देवरार जाकर पुलिस टीम ने ओम प्रकाश पासवान को उसके घर से पकड़ लिया.




सूत्रों के अनुसार ओम प्रकाश गुजरात के अहमदाबाद शहर में नौकरी करता था और वह वहां से तीन दिन पहले ही गांव आया था. पुलिस का कहना है कि उसका यहां कोई अपराधिक रिकार्ड नहीं है. इस बीच, हिरासत में लिए गए ओम प्रकाश पासवान के परिजनों ने ओम प्रकाश को निर्दोष करार देते हुए आरोप लगाया है कि उसे फंसाया जा रहा है. इस दौरान पासवान की मां सुरसती देवी ने शनिवार को बताया कि उनका बेटा अहमदाबाद से ट्रेन से 24 जनवरी को गांव पहुंचा था और 25 जनवरी की रात को पुलिस उनके घर पहुंची और उसे थाने ले गई. उसके बाद 27 जनवरी को गुजरात पुलिस आई और उसे अपने साथ लेकर चली गई

वहीं, पासवान की मां का कहना है कि उनका बेटा आपराधिक चरित्र का नहीं है और उसे फंसाया गया है. इस सवाल पर कि जिस पत्र के जरिए बम धमाके की धमकी दी गई है, उस पर उसके बेटे का नाम, मोबाइल नंबर व आधार कार्ड नम्बर लिखा हुआ है, सुरसती देवी ने सवाल किया कि अगर कोई इस तरह का काम करेगा तो वह धमकी भरे पत्र में अपना विवरण क्यों डालेगा. इस दौरान देवरार गांव के प्रधान शैलेश कुमार सिंह ने भी बताया कि पासवान गांव का शरीफ व्यक्ति है और वह मजदूरी करने अहमदाबाद गया था. उन्होंने बताया कि उसके नाम से किसी ने शरारत करते हुए उसे फंसाया है. उन्होंने बताया कि वह स्वेच्छा से गुजरात पुलिस के साथ गया है. उन्हें उम्मीद है कि वह पुलिस को तहकीकात में पूरा सहयोग करेगा और साजिश का जल्द से जल्द पर्दाफाश होगा. उधर, बांसडीह के डीएसपी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि बलिया जिले में ओमप्रकाश का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, वह गरीब परिवार का है और अहमदाबाद से पहले वह दिल्ली में मजदूरी करता था.

## गंभीर मरीजों के लिए शुरू होगी एयर एंबुलेंस सेवा

**रांची,28 जनवरी 2023 (ए)।** गंभीर मरीजों को देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने के लिए झारखंड की सरकार जल्द ही एयर एंबुलेंस की सेवा शुरू कराएगी। आम जन सरकार की ओर से निर्धारित दरों पर यह सेवा हासिल कर सकेंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची में आयोजित नेफ्रो क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में एयर एंबुलेंस की सर्विस जल्द शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। बेहतर इलाज के लिए मरीजों को देश के किसी भी कोने में स्थापित अस्पताल में जाना हो तो वे एयर एंबुलेंस की सुविधा ले सकते हैं। राज्य में मेडिकल सर्किट विकसित किया जा रहा है, ताकि मरीजों को जरूरत पड़ने पर आसानी से एक से दूसरी जगह ले जाया सके। राज्य के सभी जिला मुख्यालयों स्थित हॉस्पिटल्स को इस सर्किट से जोड़ा जाएगा और हर जगह विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की।



## तलाक के बाद पिता के नहीं आने पर हाईकोर्ट ने महिला को बच्चे के साथ ऑस्ट्रेलिया में बसने की इजाजत दी

**बेंगलुरू,28 जनवरी 2023 (ए)।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक महिला को उसके बच्चे के साथ ऑस्ट्रेलिया में बसने की इजाजत दे दी है, क्योंकि तलाक के बाद आठ साल तक पिता अपने बच्चे को देखने नहीं आया। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस संबंध में मां द्वारा बच्चे के साथ ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से बसने की मांग वाली याचिका को स्वीकार कर लिया है। इस संबंध में पिता भी अदालत की कार्यवाही में शामिल होने नहीं आया। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि तलाक के बाद वह अपने दूसरे पति के साथ ऑस्ट्रेलिया में बस गई थी। उसने मद्दुर में स्थानीय सिविल कोर्ट के उस आदेश पर सवाल उठाया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में उसके साथ बसने के लिए उसके बच्चे को वीजा दिलाने के उसके अनुरोध को रद्द कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पिता तलाक लेने के बाद आठ साल तक बच्चे को देखने नहीं आया। वीजा संबंधी पूछताछ में वह शामिल नहीं हुआ। यह सब दर्शाता है कि उसे भविष्य में बच्चे की देखभाल करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।



## संपादकीय

# रोजगार पर गहरी मार

विकल्प यही है कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था को इस रूप में खड़ा करे, जिससे सर्विस एक्सपोर्ट पर इसकी निर्भरता घटे। साथ ही देश के अंदर रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ आधुनिक उद्योग धंधों का जाल भी बिछे।

यह खबर सचमुच परेशान करने वाली है कि अमेरिका में बड़ी टेक कंपनियों में जा रही नौकरियों का सबसे बड़ा शिकार वहां रहने वाले भारतीय हुए हैं। वैसे, ये बात तार्किक भी है कि इस उद्योग में जिस देश के लोगों की सबसे ज्यादा भागीदारी है, जब संकट आएगा, तो सबसे ज्यादा मार भी उन पर ही पड़ेगी। बहरहाल, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि गूगल, फेसबुक आदि जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने लगभग दो लाख कर्मचारियों को हटा दिया है, जिनमें 80 हजार से अधिक भारतीय हैं। ये भारत ऐसे वीजा पर गए थे, जिनके तहत नौकरी ना रहने पर 60 दिन के अंदर उन्हें अमेरिका छोड़ना होगा। जाहिर है, उनमें से ज्यादातर को जल्द ही भारत लौटना होगा। आखिर जिस समय नौकरियां जाने का दौर है और इस वर्ष अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी ग्रस्त होने की आशंका गहराती जा रही है, नई नौकरियां मिलने की गुंजाइश को न्यूनतम ही है। अचानक नौकरी जाने से उनके पूरे पारिवारिक जीवन का ताना-बाना डगमगा जाएगा।

बहरहाल, वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में निहित यह अंतर्निहित जोखिम है। भारत जैसे देश, जिसने मैनुफैक्चरिंग और हाई टेक में अनुसंधान एवं विकास की अनदेखी की है, वहां के कुशल कर्मियों की रोजगार पाने की उम्मीद विकसित देशों से जुड़ी होती है। उन देशों में जो स्थिति पैदा होती है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है। इसका विकल्प यही है कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था को इस रूप में खड़ा करे, जिससे सर्विस एक्सपोर्ट पर इसकी निर्भरता घटे। साथ ही देश के अंदर रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ आधुनिक उद्योग धंधों का जाल भी बिछे। यह प्रयास ना करने का परिणाम भारतीय कारोबार की प्रतिस्पर्धा क्षमता में लगातार गिरावट आने के रूप में आया है, जिससे हाल के वर्षों में भारत को बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों से मुंह मोड़ना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर आपदा को अवसर बनाने का मंत्र देते हैं। तो अब अमेरिका में बनी स्थिति फिर एक ऐसा मौका है, जिसे उनकी सरकार चाहे, तो अवसर बना सकती है। लेकिन अभी तक सरकार को वास्तविक नजरिया रहा है, उसके बीच ऐसा होने की उम्मीद मजबूत नहीं है।

# एसबीएम-जी का लक्ष्य अरुचिकर कार्यों और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों से मुक्ति है

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण एक जन-आंदोलन के रूप में इस विशाल देश के कोने-कोने में पहुंच गया है। इसने न सिर्फ लोगों के व्यवहार को बदल दिया है, बल्कि यह घर-घर में एक जाना-पहचाना नाम भी बन गया है। स्वच्छ भारत मिशन, एक ऐसा प्रमुख कार्यक्रम जिसे स्वयं माननीय प्रधानमंत्री ने बढ़ावा दिया है, की उपलब्धियां रहीं हैं।

वर्तमान में चल रही यह प्रक्रिया सभी राज्य और जिला स्तरीय मशीनरी, विकास के भागीदारों, गैर सरकारी संगठनों, पंचायत के नेताओं और उन समुदायों के सहयोग से संभव हो पाई है जो स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत की भावना से अपने समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण में योगदान देने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद रोधी आंदोलन के नेता और आधुनिक दक्षिण अफ्रीका के जनक, श्री नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, ÷जब तक महिलाओं को सभी प्रकार के उत्पीड़नों से मुक्त नहीं दिलाई जाती, आजादी तब तक हासिल नहीं की जा सकती।÷ कोई भी इस भावना से असहमत नहीं हो सकता। एक साल से अधिक समय से पेयजल और स्वच्छता विभाग में काम करने के दौरान, मुझे देश के दो प्रमुख कार्यक्रमों- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन- में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। दोनों ही कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं और उन्हें अंतहीन अरुचिकर कार्य व बीमारियों से मुक्ति दिला रहे हैं।

इस गणतंत्र दिवस के मौके पर, खराब प्रथाओं और अस्वास्थ्यकर स्थितियों से मुक्ति की ओर इशारा करना उचित है, जिसके लिए एसबीएम-जी मिशन काम कर रहा है। जहां इस मिशन ने समाज के सभी वर्गों की स्वच्छता तक पहुंच संभव बनाई है, वहीं इस %गरीब-समर्थक और महिला-समर्थक% अभियान ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और कई स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्रदान करते हुए उन्हें शौच करने के लिए अंधेरा होने तक का इंतजार करने से भी छुटकारा दिलाया है।

दूसरी ओर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन एक कदम और आगे बढ़कर देश के पानी की कमी वाले इलाकों में रहने वाली ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान बन गया है। अब तक, एसबीएम-जी और एनजेजेएम के महान मिशनों के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया है और 10.90 करोड़ से अधिक घरेलू नल जल के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

इसके अलावा, एसबीएम-जी ने भारत को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 6.2 को प्राप्त करने की राह पर अग्रसर किया है, ताकि हाशिए पर रहने वाले लोगों, महिलाओं एवं लड़कियों, बेहद नाजुक परिस्थितियों में रहने वाले लोगों की जरूरतों पर विशेष ध्यान देते हुए वर्ष 2030 तक सभी के लिए सफाई व स्वच्छता तक पर्याप्त एवं समान पहुंच हासिल की जा सके और खुले में शौच की प्रथा का अंत किया जा सके। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों से लैस एसबीएम (जी) के कारण शौचालय का उपयोग 93.4 प्रतिशत है, जोकि खासतौर पर महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान करता है।

लाइटहाउस पहलः एसबीएम-जी के साथ देश निश्चित रूप से सही रास्ते पर है, हालांकि अभी भी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में निजी क्षेत्र की भूमिका को स्वीकार करते हुए और इस तथ्य को मानते हुए कि ÷स्वच्छता÷ हर किसी की जिम्मेदारी है, पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) फिक्की के भारत स्वच्छता गठबंधन (आईएससी) के साथ सहयोग कर रहा है, जोकि एक बहु-हितधारक मंच है और भारत के गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) की स्थायी व्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए कॉरपोरेट भागीदारों एवं विकास भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है। पहले चरण में, पंद्रह राज्यों में मॉडल या %लाइटहाउस% ग्राम पंचायतों का निर्माण करने का लक्ष्य है जो एसएलडब्ल्यूएम से संबंधित व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक लागू करेंगे जिन्हें हमारे सभी गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश भर में आगे बढ़ाया जा सकता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023ः स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 भी चल रहा है। यह एक ऐसा सर्वेक्षण है जो एसबीएम-जी के प्रमुख मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों के आधार पर राज्यों और जिलों के प्रदर्शन के अनुरूप उन्हें वर्गीकृत करता है। एसएसजी 2023 का उद्देश्य एसबीएम-जी चरण ढ्ढ्ढ में गांव, जिला और राज्य स्तर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना; ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों के बारे में जागरूकता पैदा करना; सहकर्मी सत्यापन के माध्यम से आकलन करना एवं सीखना; ग्राम पंचायतों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना और सभी स्तरों पर विजेताओं को पहचानना है।

गति में तेजी लाने के लिए, पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) ने विभिन्न प्रतिष्ठित अभियान भी आयोजित किए हैं, जिन्होंने काफी असर डाला है। उनमें से एक 'रेट्रोफिट टू ट्विनपिट' अभियान है जो मौजूदा सिंगल-पिट शौचालयों को ट्विन-पिट शौचालयों में रेट्रोफिट करके और सेप्टिक टैंक शौचालयों को एयर वेंट्स और सोख्ता गड्ढों से जोड़कर सरल ÷ऑन-साइट÷ तकनीकों को बढ़ावा देता है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण इलाके के घरों में मल के सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता पैदा करना भी है।

सुजलाम 1.0 और 2.0 अभियानों के तहत, घरों और प्रतिष्ठानों में उत्पन्न गंदे पानी के प्रभावी शोधन के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया था। इस अभियान ने अपशिष्ट जल के न्यूनतम ठहराव को सुनिश्चित किया और गांव के तालाबों में इसके प्रवाह की संभावनाओं का पता लगाया। इन दोनों अभियानों के दौरान 23 मिलियन से अधिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया। जहां तक गोबरधन का संबंध है, यह गांवों को अपने मवेशियों, कृषि और जैविक कचरे को सुरक्षित रूप से प्रबंधित करने तथा इसे स्वच्छ ईंधन एवं जैविक खाद में परिवर्तित करते हुए पर्यावरण स्वच्छता में सुधार लाने और वेक्टर जनित रोगों पर अंकुश लगाने में मदद करता है। इस संबंध में, भारत सरकार हर जिले को मवेशियों के गोबर और जैविक कचरे के सुरक्षित निपटान के लिए तकनीकी सहायता और 50 लाख रुपये प्रति जिले तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। अब तक, देश भर में 500 से अधिक गोबरधन संयंत्र उपलब्ध हैं।

सूचना, शिक्षा एवं संचार ने जागरूकता फैलाने और एसबीएम-जी से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और शुरू से ही अधिकांश गतिविधियों ने सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया है जिसके कारण समुदायों ने इन परियोजनाओं की स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु इनका स्वामित्व अपने ऊपर ले लिया है। स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता दौड़, स्वच्छ भारत दिवस, स्वच्छता के लिए एकजुट भारत, ऐसी भागीदारी के उदाहरण हैं। यह देखते हुए कि एसबीएम-जी चरण ढ्ढ्ढ को किफायती और कम लागत वाली व्यवहारिक तकनीकी उपायों की जरूरत है और जिसके लिए परिसंपत्तियों के निर्माण में विशेष कौशल की जरूरत है, क्षमताओं को मजबूत करने पर भी बहुत ध्यान दिया जा रहा है।

मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रबंधन (एमएचएम) में जमीनी स्तर की पहल करने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने और राज्यों के बीच एकड्ड दूसरे से सीखने की प्रक्रिया (क्रॉस-लर्निंग) को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में एमएचएम के बारे में ग्राम पंचायतों के लिए एक राष्ट्रीय फिल्म प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि ज्ञान, वर्जनाओं, कलंक, मासिक धर्म से संबंधित उत्पादों तक सीमित पहुंच और उपयोग किए गए सैनिटरी पैड के सुरक्षित निपटान तंत्र की कमी के कारण मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता चिंता का एक विषय बनी हुई है। एमएचएम के प्रति महिलाओं और लड़कियों को संवेदनशील बनाने से लड़कियों के स्वास्थ्य और उनके सम्मान में सुधार लाकर उनके स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ने (ड्राप आउट) की दर को कम करने में काफी मदद मिलेगी। इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर, मैं हमारे स्वच्छता योद्धाओं, ग्राम पंचायत के नेताओं और जिला और राज्य स्तर के पदाधिकारियों को सलाम करती हूं जिन्होंने हमारे गांवों में स्वच्छता की स्थिति में सुधार लाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। वे निस्संदेह भारत को एक स्वस्थ और स्वच्छ राष्ट्र में बदलने के लिए एक पथप्रदर्शक के रूप में उभरे हैं।

**सुश्री विनी महाजन**

# विपक्ष अभी मुद्दे तलाश रहा है

भारतीय जनता पार्टी के हिंदुत्व के मुकाबले विपक्ष के पास क्या है? हिंदुत्व बनाम क्या? क्या हिंदुत्व बनाम हिंदुत्व का खुला विरोध लोकसभा चुनाव का केंद्रीय मुद्दा हो सकता है? बिहार और उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टियों के नेता जैसी बयानबाजी कर रहे हैं उससे लग रहा कि वे मंदिर और धर्म की राजनीति से सीधी टक्कर लेने की तैयारी में हैं। लेकिन क्या बाकी पार्टियां इसी लाइन पर राजनीति करेंगी? यह लाख टके का सवाल है। भाजपा का चुनावी एजेंडा तय है। उसे हिंदुत्व के मुद्दे पर चुनाव लड़ना है। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में ऐलान किया कि एक जनवरी 2024 तक अयोध्या में भव्य राममंदिर बन कर तैयार हो जाएगा। इसके थोड़े दिन के बाद राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से देश भर के पत्रकारों को अयोध्या बुला कर मंदिर निर्माण की प्रगति दिखाई गई। तभी यह तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा अयोध्या के राममंदिर को बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश करेगी। इसके साथ और भी मंदिर होंगे, जैसे काशी कॉरिडोर है, महाकाल लोक है, विंध्यवासिनी मंदिर का कॉरिडोर है आदि।

उम्मीद की जा रही है कि अगले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए को लागू करने के नियम बना लेगी। इसे चुनाव से ऐन पहले लागू किया जा सकता है। यह कानून पड़ोसी देशों से प्रताड़ित होकर आने वाले हिंदुओं और अन्य गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान करता है। इस कानून के सहारे नरेंद्र मोदी की छवि एकमात्र हिंदू रक्षक की बनेगी। जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने और मुस्लिम बहुल इस राज्य में हिंदू मुख्यमंत्री बनाने की योजना भी भाजपा के पास है। इसके अलावा हिजाब पर पाबंदी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आएगा। तीन तलाक का मसला निपट चुका है और अब अदालत में बहुविवाह और हलाला के मसले पर सुनवाई होगी। लव जिहाद रोकने के नाम पर भाजपा शासित सभी राज्यों में इस साल धर्मांतरण रोकने का कानून लागू हो जाने की संभावना है। कई राज्यों ने कानून बना दिया है तो कई राज्यों ने इस पर विचार के लिए कमेटी बनाई है। समान नागरिक संहिता लागू करने के उपाय भी खोजे जा रहे हैं। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से ये सभी हिंदुत्व से जुड़े मुद्दे हैं।

अब देखिए कि इनके बरक्स विपक्ष के पास क्या है? असलियत यह है कि विपक्ष के नेता भाजपा के एजेंडे को समझ रहे हैं लेकिन उसका मुकाबला करने के लिए अपना केंद्रीय एजेंडा तय नहीं कर पा रहे हैं। कई विपक्षी नेता तो इसी चक्कर में हैं कि भाजपा की तरह ही हिंदुत्व की राजनीति करके चुनाव लड़ा जाए। हालांकि उनको निराशा हाथ लगेगी क्योंकि असली के रहते कोई बहुरूपिए को तरजीह नहीं देगा। कांग्रेस को यह बात समझ में आ गई है तभी पार्टी सॉफ्ट हिंदुत्व का रास्त छोड़ कर लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और उदार राजनीति के रास्ते पर लौटी है, जो पुरानी कांग्रेस का रास्ता रहा है। राहुल गांधी ने जोखिम लेकर अपनी भारत जोड़ो यात्रा का स्वर और भंगिमा दोनों धर्मनिरपेक्ष रखा है। ध्यान रहे पिछले आठ साल में धर्मनिरपेक्षता को गाली की तरह बना दिया गया है। धर्मनिरपेक्ष होने का मतलब टुकड़े टुकड़े गैंग से होना और देशविरोधी होना माना जाता है। ऐसे समय में राहुल ने धर्मनिरपेक्षता का रास्ता चुना है तो इसका मतलब है कि वे भाजपा के हिंदुत्व के मुकाबले कोई वैकल्पिक नैरेटिव पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि उनकी भी यात्रा समाप्त होने जा रही है और अभी तक वह नैरेटिव सामने नहीं आया है। इसका कारण यह है कि राहुल जो बातें कर रहे हैं वह बहुत तक अकादमिक और अमूर्त सी हैं। हो सकता है कि आगे वे कोई ठोस एजेंडा पेश करें। कांग्रेस के बाद कांग्रेस की साझीदार या पहले साझीदार रही पार्टियों का एक ब्लॉक है। इसमें राष्ट्रीय जनता दल और समाजवादी पार्टी मुख्य है। राजद 40 लोकसभा सीट वाले बिहार की सबसे बड़ी पार्टी है और सपा 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी है। ये दोनों पार्टियां हिंदुत्व की राजनीति से हेडऑन यानी सीधी टक्कर की तैयारी में हैं। राजद के नेता चंद्रशेखर और सपा के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का रामचरित मानस को दलित और पिछड़ा ठहराने वाला बयान इसी राजनीति का हिस्सा है। वे हिंदुत्व के मुकाबले जाति का नैरेटिव बना रहे हैं और हिंदुत्व की राजनीति के प्रतीकों को दलित व पिछड़ा विरोधी ठहरा रहे हैं।

इस बात को बिहार के एक दूसरे राजद नेता और राज्य सरकार के मंत्री आलोक मेहता के नए बयान में देखा जा सकता है। उन्होंने भगवान राम और अयोध्या के मंदिर के बाद उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े हिंदू प्रतीक योगी आदित्यनाथ को निशाना बनाया है। वह निशाना उनके कामकाज को लेकर नहीं है, बल्कि उनके पहनावे और उनकी आस्था को लेकर बनाया गया। आलोक मेहता ने कहा- जो मंदिरों में घंटियां बजाते थे आज शक्तिशाली पदों पर आसीन हैं, उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देख लीजिए। उन्होंने आगे कहा कि जो 10 फीसदी उच्च जाति अंग्रेजों का एजेंट हुआ करती थी आज 90 फीसदी वंचित और पिछड़े समुदाय पर अधिकार चला रही है। ये दोनों बातें हिंदुत्व की राजनीति का कंट्रास्ट हैं। सो, कम से कम इन दो राज्यों की राजनीति का एजेंडा तो तय होता दिख रहा है। हिंदुत्व बनाम हिंदुत्व का खुला विरोध, जिसमें एक तरफ धर्म के प्रतीक हैं तो दूसरी ओर जाति के पुरोधा। अगड़ा और पिछड़ा की राजनीति इस एजेंडे में अंतर्निहित है।

जहां तक विपक्ष की अन्य पार्टियों का मामला है तो वे अभी अपना स्टैंड तय नहीं कर पाई हैं। वे दुविधा में हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को लग रहा है कि वे नरम हिंदुत्व की राजनीति से ही अपनी सीटें बढ़ा पाएंगी। पिछली बार धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण से भाजपा को 18 लोकसभा सीटें मिल गई थीं। विधानसभा में भी यह ध्रुवीकरण कायम रहा। भाजपा भले सिर्फ 77 सीट जीत पाई लेकिन उसका वोट उतना ही मिला, जितना लोकसभा में मिला था। इसी से ममता की चिंता बढ़ी है। उनको लग रहा है कि 38 से 40 फीसदी वोट के दम पर भाजपा फिर 18 या उससे ज्यादा सीट जीत सकती है। तभी उन्होंने आरएसएस, भाजपा और मोदी के प्रति नजरिया बदल दिया है। अब वे काफी नरम हो गई है, जिससे यह मैसेज है कि वे भाजपा के साथ मैनेज हो गई हैं। इससे उनको लग रहा है कि व्यापक हिंदू समाज उनके खिलाफ नहीं होगा और तब उनकी सीटें बढ़ जाएंगी। विपक्ष का एक एजेंडा अस्मिता की राजनीति का है। ममता बनर्जी भी यह राजनीति कर सकती हैं और के चंद्रशेखर राव तो कर ही रहे हैं। चंद्रशेखर राव ने अपने राज्य में होने वाले चुनाव से पहले अपनी पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदल कर भारत राष्ट्र समिति कर दिया है। उसके बाद उन्होंने पिछले दिनों खम्मम में एक रैली की, जिसमें आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, सीपीएम आदि के सारे बड़े नेता जुटे। इस तरह उन्होंने अपने राज्य के लोगों को मैसेज दिया है कि अगर इस बार वे जीत कर तीसरी बार मुख्यमंत्री बनते हैं तो अगले साल देश के प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं। इस नैरेटिव का फायदा उनको निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव में मिलेगा और लोकसभा चुनाव में तो मिलेगा ही। ममता बनर्जी भी यह राजनीति कर सकती हैं, अगर वे यह नैरेटिव बनाएं कि वे पहली बंगाली हो सकती हैं, जो प्रधानमंत्री बने। बिहार में नीतीश कुमार भी यह राजनीति कर सकते हैं और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नवीन पटनायक भी ओड़िशा में ऐसा नैरेटिव बनवा सकते हैं। जिस राज्य में उप राष्ट्रीयता का भाव जितना प्रबल है वहां इस राजनीति के सफल होने की उतनी ज्यादा संभावना है।

**अजीत द्विवेदी**

## कर्ज के चक्रव्यूह में खुशियों की नींड तलाशते लोग

वर्तमान में इंस्टा लोन की चाशनी का लालच तीन में से एक सैलरिड या वेतन भोगी प्राणी को अवश्य होता है। कर्ज लेने की हिदायतों की कहानी तो बचपन के विद्यालयीन पाठ्यचर्चा से लेकर घर के बड़े बुजुर्गों के जबानी सीख में देखें हीं हैं। लेकिन दो मिनट की मैगी से लेकर छोटे-छोटे रिल्स में जीवन के अभिप्रेरणा का आनंद तलाश लेने वाली युवा पीढ़ी के पाले में सब्र नामक शालीनता कहाँ है? ये युवा पीढ़ी जिन्होंने ने न्यूटन के ग्रेविटी की भांति शॉर्टकट का फार्मूला खोज निकाला है। रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत तो नैतिक रूप से बड़ी जरूरतें मान सकते हैं। खासकर मकान के निर्माण या गाड़ियों के लिए लोन की अवधारणा को जायज मान भी लिया जा सकता है। लेकिन आज कल घर की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी लोग क्रेडिट कार्ड या इंस्टा लोन के भरोसे लाखो की खरीदारी कर रहे हैं।

बैंकिंग सेक्टर में लोन या ऋण दो कैटेगरी सिक्योर लोन और अनसिक्योर लोन के रूप में प्रचलित है। जिसमें सिक्योर या सुरक्षित ऋण एक ऐसा ऋण है जिसमें उधारकर्ता ऋण के लिए कुछ संपत्ति को संपार्श्विक के रूप में गिरवी रखता है, जो तब ऋण देने वाले लेनदार के लिए एक सुरक्षित ऋण बन जाता है। वहीं असुरक्षित लोन जिसमें या तो सैलरी या आधार कार्ड को बेस मानकर लोन दिया जाता है। दोनो ऋण पद्धति में ब्याज दर की तुलनात्मक अंतर देखें तो सुरक्षित ऋण 8 से 10 फीसदी और असुरक्षित ऋण 12 से 24 फीसदी की ब्याज दरें लागू होती है। तत्काल लोन एक असुरक्षित लोन है; जिसकी सुविधा कहीं ना कहीं झटपट की घानी, आधा तेल आधा पानी की लोकोक्ति को चरितार्थ करती है।वहीं क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरों की कीमत की तो बात ही छोड़िए यह तो 48 फीसदी तक चार्ज करते हैं।

लोन लेने की आदत को देखते हुए कबीर दास जी के जन मानस को सीख देते दोहे याद आते हैं कि, ÷माया मुई न मन मुआ, मरी मरी गया सरीर। आसा त्रिसना न मुई, यों कही गए कबीर।÷ तात्पर्य है कि संसार में रहते हुए न माया मरती है न मन। शरीर न जाने कितनी बार मर चुका पर मनुष्य की आशा और तृष्णा कभी नहीं मरती। वर्तमान परिदृश्य में लोगों में अपने जीवन के स्तर को दूसरे के जीवन स्तर से बेहतर दिखने की तुलना की होड़ कर्ज की ओर धकेल रही है। आंकड़े बताते हैं कि बीते अक्टूबर 2022 में पर्सनल लोन लेने के ग्राफ में अक्टूबर 2021 की तुलना में 20 फीसदी का इज़ाफा हुआ है। इसी तरह इंस्टा क्रेडिट कार्ड लोन की परिपाटी में 28 फीसदी और कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन में 57 फीसदी का उछाल आया है। यानी लोग अपनी रोजमर्रा के जरूरतें जैसे कपड़ा, पेट्रोल, ट्रेवल्स, मोबाइल, बिल्स या अन्य शॉपिंग के लिए तत्काल लोन या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर रहे हैं। जो किसी अघोषित वित्तीय खतरे से कम भी नहीं है। एक निजी संस्थान के सर्वे के अनुसार, भारत में 7 फीसदी की जनसंख्या क्रेडिट कार्ड उपयोग करती है। जिसमें से 63 प्रतिशत ऐसे लोग हैं जिन्हें पता ही नहीं है कि क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर कितना ब्याज या अन्य कर लगाए जाते हैं। 65 प्रतिशत ऐसे भी क्रेडिट कार्ड उपभोक्ता हैं, जो अपने क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान तय समय से देरी में भरते है। बीते वर्ष आरबीआई ने निष्क्रिय लगभग 2 लाख 90 हजार बैंकों द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड निरस्त किये हैं।

दूसरी ओर तत्काल लोन के मामले में डाटा सुरक्षा एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है। क्योंकि जब आप अपने बैंक या क्रेडिट यूनियन के माध्यम से ऋण प्राप्त करते हैं, तो ऋणदाता के पास गोपनीयता नियमों और नियमों की एक लंबी सूची होती है, जिनका आपकी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के लिए पालन किया जाना चाहिए। जब लोग किसी ऑनलाइन ऋणदाता के माध्यम से ऋण प्राप्त करते हैं, तो इन नियमों की कोई जानकारी नहीं होती है। यह बहुत संभव है कि व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी से समझौता किया जाएगा, खासकर यदि ऋणदाता के बारे में अच्छी तरह से शोध नहीं करते हैं।

बहरहाल, कर्ज के नींव तले चार दिन की चांदनी तलाशने वालों की लम्बी कतार है। लेकिन ग्राहक की जागरूकता भी आवश्यक है। जब आवश्यक हो तभी लोन लेना उचित होता है। लेकिन महंगे शौक को पूरा करने के लिए लोन के चक्रव्यूह में फंसना क्या उचित है? इस सवाल का जवाब प्रत्येक उधार लेने वाले ग्राहक को तलाशना आवश्यक है।




**पुखराज प्राज**
छत्तीसगढ़

## मेरे बाद

क्या पता मेरे बाद
कोई आएगा या नहीं आएगा,
पता नहीं मेरा वजूद या
मेरे आचार विचार बचा पाएगा,
बोया तो था एक क्रांतिकारी संस्कार,
मुझे नहीं पता कितने अपनाएंगे मेरा विचार,
बदलाव खातिर अर्पण किया अपनी जिंदगी,
समय नहीं खोया करके
किसी अदृश्य की वाहियात बंदगी,
मरकर भी करूंगा अपने पसंद का काम,
जनजागरूकता के लिए नहीं चाहिए दाम,
किसी के जाने से
कोई कारवां नहीं रुकता,
एक सच्चे सिपाही का सिर
कभी नहीं झुकता,
आगे बढ़ाता है उन्हें
सिर्फ बदलाव का जुनून,
खुद के सिवाय
नहीं बहा सकता किसी का खून,
उम्मीद तो करूंगा कि
मेरे अधूरे कामों को आगे बढ़ाएंगे
मेरे समर्थक या मेरे बच्चे,
मिशन की राह में जो
मान चुके रहेंगे सच्चे,
बदलाव आएगा,
भरपूर सैलाब आएगा,
मेरे बाद, मेरे बाद,
आ सकता हूं बहुतों को याद।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

## बस इतनी सी चाह

बस इतनी सी चाह,
चल सकूं नेकी की राह।
ईमानदारी से हो जीवन निर्वाह,
लूं न किसी बेबस की आह।
अच्छाइयों को लूं मैं अपना,
बुराइयों का करूं मैं दाह।
प्रेम का हो मन में प्रवाह,
घृणा को दूं मैं जला।
ईश्वर की बनी रहे कृपा,
सत्य की राह चलूं सदा।
जीवन में बना रहे उत्साह,
परपीड़ा में उठूं मैं कराह।
बेईमानी की पड़े न मुझ पर छाँह,
काबिलियत पर कर सकूं मैं वाह।
गुणों को सभी के सकूं मैं सराह,
अपनों की कर सकूं मैं परवाह।
मिलती रहे सज्जनों की सलाह,
दुर्जनों से मैं दूर ही भला।
बस इतनी सी चाह।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**सोनल सिंह सोनू**
कोलिहापुरी, दुर्ग
छत्तीसगढ़

# खुद ही को कर बुलंद इतना

हर इंसान मुँह में सोने की चम्मच लेकर नहीं जन्मता। जन्म से लेकर मृत्यु तक के सफ़र में खुद को प्रस्थापित करने के लिए जूझना पड़ता है। जीवन संघर्षों का बिहड़ जंगल है और हर किसी के लिए सफलता सबसे अहम होती है। सफ़लता ज़िंदगी के किसी मोड़ पर खड़ी हमारा इंतज़ार भी कर रही होती है; पर उसके लिए उस मोड़ को ढूँढते हमें कदम बढ़ाना होगा, मेहनत करनी होगी, पसीना बहाना होगा। कोई कहता है नसीब में लिखा होगा तो कहीं नहीं जाएगा, एक दिन जरूर मिलेगा। नसीब, भाग्य, किस्मत महज़ शब्द है कोई चमत्कार या जादु का पिटारा नहीं कि खुल जा सिम-सिम बोलते ही कोई अद्रश्य दरवाज़ा खुल जाएगा और सफ़लता कदमों में आ गिरेगी। षड् दोषाः पुरूषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता। निंद्रा तंद्रा भयम् क्रोधः आलस्यम् दीर्घसूत्रता।।

अर्थातः

मानव विध्वंस का कारण निष्कासन है। नींद, तंद्रा, भय, क्रोध, आलस्य और काम चुराने की आदत।

आलस त्याग कर भाग्य का अस्तित्व स्वीकार किए बिना खुद के भाग्य विधाता खुद बनों और मेहनत को आदत बना लो। कोई अपनी कुर्सी खाली करके नहीं देगा, हर किसीको दुनिया में अपनी जगह खुद ही बनानी पड़ती है। माँ भी परोस कर देती है, खाना और चबाना खुद को पड़ता है। भाग्य के सहारे बैठने वाले आसमान की ऊँचाई तय नहीं कर सकते, उनके पैर पेड़ों की जड़ की भाँति एक ही जगह से जुड़े रहते है। किनारे पर खड़े रहकर समुन्दर की गहराई नहीं नाप सकते गोताखोर बनकर ही सीप से मोती ढूँढ सकते है। कर्म को त्याग देने पर दुर्भाग्य तो अवश्य हमारे जीवन में आएगा, किंतु यदि सौभाग्य आने वाला भी होगा तो वह भी रुक जाएगा।सफलता उसी के क़दम चूमती है जो सही दिशा में अथाग प्रयास करते है। भाग्य के भरोसे सिर्फ़ मूर्ख ही बैठा करते है। यह सच है कि कुछ सीमा तक भाग्य मनुष्य के जीवन को प्रभावित करता है किन्तु हमारे अच्छे कर्म और परिश्रम में भाग्य को बदलने की शक्ति होती है। तभी तो किसीने लिखा है कि ÷खुदी को कर बुलंद इतना, कि हर तक़दीर लिखने से पहले खुदा बन्दे से खुद पूछे बता तेरी रज़ा क्या है÷

मेहनत और संघर्ष जिनके हथियार होते है उनको ज़िंदगी की चुनौतियाँ हरा नहीं सकती। लक्ष्य तय करके, नज़र बाज़ सी रखकर मंज़िल-ए-मकसूद की ओर कदम बढ़ाते आगे बढ़ने वालों का स्वागत खुद मंज़िल करती है। कोई भी चीज़ पाना आसान नहीं, लेकिन हौसला हो तो हालात बदलना नामुमकिन भी नहीं। आलस इंसान की शत्रु है, देह और दिमाग से शत प्रतिशत काम लेने का हुनर सीख जाईये; सोया हुआ भाग्य अंगड़ाई लेकर उठेगा। मन का हारा हार जाता है, मन से जीता परचम लहराता है। जरूरी नहीं कि आप कितने संगठित, सुनियोजित और साधन-संपन्न है। लेकिन आप अगर मेहनतकश है तो साधन, नियोजन और संगठन भी आपके समर्थन में अपने आप खड़े हो जाएंगे।

सोच में सकारात्मक ऊर्जा का तेल सिंचते रहने से हर मुश्किल आसान लगेगी। हर चीज़ हर काम के दो पहलू होते है, ये मुझसे नहीं हो पाएगा के बदले ये सोचिए, ये तो बहुत आसान है कैसे भी करके मैं कर लूँगा। इंसान का दिमाग चमत्कारों की खान है, हम दिमाग का 10 प्रतिशत ही इस्तमाल करते है। इसलिए अपनी क्षमता को पहचान कर खुद पर विश्वास करते सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो जिंदगी आसान लगेगी और हर सुख आपके गुलाम होंगे। मेहनत से डरे नहीं, भाग्य के सहारे बैठे नहीं सफ़लता का है बस राज़ वही।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर, कर्नाटक

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# दूसरे समाज के दशगात्र भोज में दंपति को भोजन करना पड़ा महंगा,समाज के लोगों ने की बेदम पिटाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

26 जनवरी को मानिकप्रकाशपुर में निषाद दंपति पड़ोस के दूसरे समाज के घर दशगात्र भोज में शामिल होने गए थे। दंपति को दूसरे समाज में खाना खाना निषाद समाज के लोगों अच्छा नहीं लगा और कार्यक्रम से वापस लौट रहे दंपति पर समाज के ही लोगों ने लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इससे दंपति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की स्थिति गंभीर है आईसीयू में भर्ती है। चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया है।



जानकारी के अनुसार मोहित राम निषाद कोतवाली क्षेत्र के मानिकप्रकाशपुर का रहने वाला है। 26 जनवरी को मोहित पत्नी सुखमनिया के साथ गांव में ही नगेशिया सामाज के यहां दशगात्र भोज में शामिल होने गया था। कार्यक्रम में निषाद समाज के अन्य लोग भी वहां पहुंचे थे। निषाद समाज के लोग नगेशिया समाज के यहां खाना खाने से मना कर दिया और विवाद करने लगे। विवाद करने वाले लोगों को सूखा राशन देकर वापस भेज दिया गया पर मोहित अपने समाज के लोगों का बात नहीं मानते हुए वह वहीं रूक गया और शाम को जब खाना खा कर वापस घर जा रहे थे तो रास्ते में उसी समाज के लोगों ने दंपति का रास्ता रोककर लाठी डंडे, रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे और गंभीर घायल दंपति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए पति को आईसीयू में भर्ती किया है, तो पत्नी के चेहरे और सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया है। वहीं मोहित के भाई कृष्णा राम की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी गांव के ही भोट उर्फ जवाहार, चिंतामणी,मोटू,छोटू एवं सागर के खिलाफ धारा 147, 148, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। वहीं इस मामले में एसपी भावना गुप्ता का कहना है कि फिलहाल मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद बयान के आधार पर धारा में परिवर्तन किया जाएगा।

# भाजयुमो का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग दुर्ग में सरगुजा जिले के 19 प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी होंगे शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ का प्रांत तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 29, 30, एवं 31 जनवरी को राजनांदगांव स्वामी में किया जाना है। प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 15 सत्र में संपन्न होगा हर सत्र के लिए एक विशेष अतिथि होगें। सत्र लेने हेतू राष्ट्रीय प्रभारी शिव प्रकाश क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल प्रांत संगठन मंत्री पवन साय राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत जी युवा मोर्चा के प्रदेश के प्रभारी आलोक डंगस सहित प्रदेश के सभी दिग्गज नेता रहेंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशमहामंत्री अंकित जायसवाल ने बताया है। इस तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में पूरे प्रान्त से लगभग 350 प्रशिक्षणार्थी उपस्थिति होंगे। जिसमें सरगुजा जिले से। नव नियुक्त प्रान्त पदाधिकारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री द्वय सहित 19 पदाधिकारी प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित है। इस प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रांत के सह प्रशिक्षण प्रमुख अभिषेक प्रताप सिंह देव ने बताया की प्रत्येक सत्र 1 घंटे का होगा इस प्रशिक्षण में विचार परिवार, बूथ प्रबंधन, व्यक्ति विकास, आदी जैसे दर्जन् भर से ऊपर सत्र होना तय हुआ है सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के सफल संचालन हेतु एक 23 सदस्यों की संचालन समिति भी बनी है जिस्मे पुरे प्रदेश के हर संभाग व जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं को रखा गया है।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ आयोजित



- संवाददाता -
लखनपुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड के ग्राम जूनाडीह स्थित आईटीआई कॉलेज भवन में संचालित शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पीएन सिंह की अध्यक्षता में 28 जनवरी दिन शनिवार को सुबह 11:30 बजे वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह देव , जनपद उपाध्यक्ष व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अमित सिंह देव, लुण्ड्रा विधानसभा विधायक प्रतिनिधि कृपा शंकर गुप्ता, जिला पंचायत मंत्री प्रतिनिधि रणविजय सिंह देव युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह देव सरपंच श्रीमती जुगमति मझवार उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्रों द्वारा पुष्प वर्षा कर बैच लगाकर अतिथियों का स्वागत कर किया गया। अतिथियों के द्वारा माता सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात छत्तीसगढ़ राज्यकिय गीत अरपा पैरी के धार माता सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तथा शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्रचार व शिक्षक और छात्र छात्राओं के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही मंच से महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पी एन सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आगामी वार्षिक परीक्षाओं में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक टीएस सिंहदेव से चर्चा कर महाविद्यालय के समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। तथा जनप्रतिनिधियों के हाथों नवीन महाविद्यालय के 107 छात्र छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेंद्र गुप्ता रमेश जायसवाल, शराफत अली, अशोक अग्रवाल, जगरूप यादव, राम सुजान दिवेदी ,दीपक पैकरा, मकसूद हुसैन, शैलेश पांडे, मुन्ना पांडे, सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य गणों स्थानीय पत्रकार व बड़ी संख्या में शासकीय नवीन महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ।

# 'तू मुझे आशीष दे मां,मैं तेरा वंदन करूं,प्राण देकर रक्त से मैं,मस्तक तेरा चंदन करूं'

» वसंत पंचमी व मां सरस्वती के प्रकटोत्सव पर समाजसेविका वंदना दत्ता के संयोजन में आयोजित हुआ काव्यगोष्ठी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

वसंत पंचमी पर समाजसेविका वंदना दत्ता के संयोजन में उनके ही विद्या मंदिर में सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री मीना वर्मा और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ गीतकार व संगीतकार अंजनी कुमार सिन्हा थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मीना वर्मा व वंदना दत्ता ने महाकवि निराला द्वारा विरचित मां सरस्वती के सुप्रसिद्ध वंदना गीत- वर दे वीणा वादिनी वर दे- की सस्वर प्रस्तुति से किया। कवयित्री पूर्णिमा पटेल ने अपने मधुरिम स्वर में स्वरचित गीत- नित नयन जल से पखारूं पांव तेरे शारदे, हाथ मेरे सर पे रख दे कर दया मां शारदे- सुनाकर वातावरण को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। शब्दकार माधुरी जायसवाल ने मां शारदा के विषय में सही कहा कि- शब्द-शब्द में बसनेवाली झोली भर देती मां। प्रकाशपुंज दिखाकर, जीवन जगमग कर देती मां। कवयित्री राजलक्ष्मी पाण्डेय ने भी मां भारती के प्रति अपनी सहज कृतज्ञता ज्ञापित की- तुमसे महका मेरा जीवन, जीवनदायिनी हो मां। मेरा हौसला हो तुम, मधुर मुस्कान तुम हो मां। ऐसा शब्द नहीं कोई जिसमें तुमको लिख दूं मां। अनिता मंदिलवार ने मां वीणापाणि से छंदों का ज्ञान देने की प्रार्थना कर डाली- मुझे ज्ञान दो शिल्प का, छंद का मां, सवैया लिखूं जो मिले भावधारा। निखारो सदा आप गीतों की माला। नग़मानिगार व मलिका-ए-तरन्नुम पूनम दुबे ने मां हंसवाहिनी से श्रेष्ठ काव्यसृजन का वरदान देने का आग्रह किया- करती मां तुझको वंदन, ज्ञान-ज्योति मुझमें भर दो, भाव की सुंदर छटा हो नित्य शारदे ये वर दो।




महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जयंती वसंत पंचमी के दिन ही मनाने की परंपरा है। वरिष्ठ गीतकार अंजनी कुमार सिन्हा ने महाप्राण निराला जी को मां वीणावती का सबसे प्यारा पुत्र बताते हुए उनके स्वभाव का सटीक चित्रण किया- वीणापाणि के नयनों का सबसे प्यारा तारा था, कभी-कभी हिम-सा शीतल और कभी अंगारा था। आंधी के संग दौड़नेवाला तूफ़ानों का पाला था। तन चंदन-जैसा था उसका, मन तो एक शिवाला था। वरिष्ठ कवयित्री गीता दुबे ने शानदार वासंती रचना की प्रस्तुति दी- वासंती का सार प्रेम है, जीवन का आधार प्रेम है। प्यार का मौसम है वसंत। प्यार नहीं तो है रिश्तों का अंत!

कवि प्रकाश कश्यप को वसंत के मौसम में अचानक अपना गांव याद आ गया, बचपन की यादें ताज़ा हो उठीं। उनके दिल में गांव छोड़ने की जो टीस है, कसक है, वह उनके इस गीत में छलक पड़ी- आ गया हूं शहर छोड़ प्यारा-सा घर। कट रही है यहां कैद में अब उमर। कौन जादू न जाने यहां कर गया, भीड़ तो है मगर आदमी मर गया! वसंत पंचमी के दिन गणतंत्र दिवस होना कवियों के लिए सोने में सुहागा-जैसा रहा। गोष्ठी में देशभक्तिपूर्ण रचनाओं का जो दौर शुरू हुआ, वह महफ़िल उठते तक बदस्तूर जारी रहा। फिल्म एक्टर, डॉयरेक्टर व कवि आनंद सिंह यादव ने भारतीय गणतंत्र को देश के लाखों वीरों की शहादत से प्राप्त आज़ादी का सुफल बताया- गणतंत्र हुआ जब देश हमारा, वीरों की शहादत रंग लाई। आज़ादी का नया रंग तब देश को समझ में आया। कवि अजय श्रीवास्तव ने अपने दिल का दर्द अपनी कविता में उड़ेला- अब कहीं सौहार्द्र की बातें भी होती नहीं, अब तिरंगे के लिए कोई क़सम खाता नहीं। मातृभूमि की वंदना पूर्णिमा पटेल ने अपने काव्य में जहां बखूबी की- सूरज-चांद-सितारों-सा चमके तेरा नाम, मेरे देश की धरती तुझे सलाम, वहीं शायर-ए-शहर यादव विकास ने भारत की ख्याति पूरे विश्व में व्याप्त होने की बात कही- हम नहीं तो जहां नहीं होता, हमारा नाम कहां नहीं होता? वहां नहीं है प्यार की खुशबू- जहां पर हिन्दुस्तान नहीं होता। प्रख्यात कवयित्री आशा पाण्डेय ने अपने दोहों में देश का जयघोष करते हुए वीर सैनिकों के अप्रतिम शौर्य व पराक्रम का जीवंत चित्रण किया- मां के वीर सपूत तो होते हैं जांबाज़। उनपर पूरा देश तो, करें सदा ही नाज़। करते हैं नाकाम वो, दुश्मन के हर राज़। करते रणभेरी भरा, जहां युद्ध आगाज़। गीतकार राजेन्द्र राज ने ऐसी सरगुजिहा कविता पढ़ दी कि श्रोता अपनी हंसी पर क़ाबू न पा सके- तुमन तिरंगा झिन खावा, खाय-खाय के तुमन झिन मोटावा। गीतकार संतोष सरल ने अपनी कालजयी उत्कृष्ट गीत रचना से काव्यगोष्ठी को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं- तू मुझे आशीष दे मां, मैं तेरा वंदन करूं, प्राण देकर रक्त से मैं, मस्तक तेरा चंदन करूं। जाने-माने दोहाकार व शायर मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहों में देश की विविधता में एकता की बात करते हुए गणतंत्र दिवस को सार्थक बनाने का आव्हान किया- रंग, जाति, आकार सब, भाषा, भेद अनेक। पंथ अलग, मज़हब अलग, राष्ट्र हमारा एक। गूंजे भारतवर्ष में, सदा प्रेम का मंत्र। जन-जन के सहयोग से, महक उठे गणतंत्र। अंत में, डॉ0 योगेन्द्र सिंह गहरवार की प्रेरणादायी, मार्मिक व विचारोत्तेजक कविता से काव्यगोष्ठी का यादगार समापन हुआ- दीन-हीन अति निर्बल से जब भी कोई छल होगा, सत्य, अहिंसा का ही केवल उसके पास तब बल होगा। जब उसकी भयकंपित बोली सत्याग्रह बन जाएगी- तब-तब हमको गांधी बाबा याद तुम्हारी आएगी। गोष्ठी में अभिनव चतुर्वेदी और ममता चैहान ने भी अपनी श्रेष्ठ रचनाओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का काव्यमय संचालन संतोष सरल और आभार वंदना दत्ता ने जताया। इस असवर पर डॉ0 अपेक्षा सिंह, लीला यादव, तनुश्री मिश्रा, अनिमा मजुमदार, नेहा वर्मा, साधना कश्यप, जयंती सहित अन्य काव्यप्रेमी भी उपस्थित रहे।




# गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वास्थ परीक्षण व घमन्तु बच्चों को जूता का वितरण किया गया

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

26 जनवरी की पूर्व संख्या अर्थात गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के बैंक ऑफ बड़ोदा मुख्य शाखा द्वारा सराहनीय पहल करते हुये स्वास्थ परिक्षण व घुमन्तु बच्चों को जूता का वितरण किया गया। हालाकि बैंक द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य किया जाता है। किन्तु इस बार बैंक परिसर के अंदर करीब 85 लोगों का स्वास्थ परिक्षण सफलता पूर्वक सम्मन्न किया गया। वहीं गंगापुर स्थित लगभग 100 घुमन्तु बच्चों के आश्रय गृह में बैंक ऑफ बड़ोदा के पदाधिकारी वहां पहुंच बच्चों को उनके आवश्यकता अनुसार जूता,मोजा,पेन चॉकलेट सहित अन्य सामानों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बैंक के दीपक अग्रवाल, बिजय साहू एवं अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय खिलाड़ी साक्षी भगत ने जीता सिल्वर मेडल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

72 वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता बंगलौर (कर्नाटक) में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का बेहतर प्रदर्शन रहा। छत्तीसगढ़ की टीम में सरगुजा से राष्ट्रीय खिलाड़ी साक्षी भगत शामिल थी। जिसका प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। फाइनल तमिलनाडु के बीच था। छत्तीसगढ़ की टीम दूसरे स्थान पर रही और सिल्वर मेडिल जीता। सरगुजा जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी साक्षी भगत को सिल्वर मेडल जितने पर जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंहदेव व राष्टीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बधाई दी है।



# चोरी के 7 नग दो पहिया वाहन के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

दो पहिया वाहन चोरी के मामले में कोतवाली व मणिपुर चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से कुल 7 नग दो पहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस ने दोनों शातिर चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है।

आईजी रामगोपाल गर्ग व एसपी भावना गुप्ता ने दो पहिया वाहन चोरी के मामले में लगातार कार्रवाई के निर्देश जिले के थाना व चौकी प्रभारियों को दिए हैं। इसी निर्देश के तहत कोतवाली प्रभारी एसआई रूपेश नारंग व मणिपुर चौकी प्रभारी एसआई सरफराज फिरदौसी ने संयुक्त टीम गठित कर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही थी। इसी बीच टीम को मुखबिर से जानकारी मिली की एक संदिग्ध क्षेत्र के मठपारा में आया है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंच कर बाइक सवार दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अपना नाम आदित्य चौधरी उर्फ चाबा निवासी बधियाचुवा एवं कृष्णा खुटिया उर्फ गोलू निवासी कांतिप्रकाशपुर बताया। पुलिस द्वारा बाइक के संबंध में कड़ाई से पूछे जाने पर दोनों आरोपियों ने बताया कि 6 नग दो पहिया वाहन शहर के अलग-अलग स्थानों से व एक बाइक पस्ता थाना क्षेत्र से चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से कुल सात नग बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह, विवेक पाण्डेय, ललन गुप्ता, प्रधान आरक्षक विपिन तिवारी, संतोष उपाध्याय, अजय पाण्डेय, विजय रवि, आर. अमित विश्वकर्मा, इमत्याज अली, अतुल शर्मा, जयदीप सिंह, एवं सायबर सेल पुलिस स्टाप शामिल रहे।




### इन स्थानों से की थी चोरी

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि हरिमंगलम शादी घर के पास से 1 नग स्कूटी, दर्रीपारा एक व्यक्ति के घर के सामने से 1 नग बाइक, ओपीएस स्कूल के सामने से 1 नग स्कूटी, परिडा नर्सिंग होम के सामने से 1 नग बाइक, रिंग रोड नमनाकला से 1 नग बाइक, लखनपुर खेल मैदान एक नग बाइक व पस्ता थाना से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के घर एवं अन्य जगहों पर छुपाकर रखे 6 नग दुपहिया वाहन, एवं पस्ता से चोरी की गई 1 नग बाइक बरामद किया है।

# ऑर्गन डोनेशन के तहत भरवाए गए नेत्रदान संकल्प फार्म

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में शनिवार को अंबिकापुर के समाजसेवी संस्था छत्तीसगढ़ ऑर्गन डोनेशन एलिट (कोड) द्वारा लोगों को देहदान, अंगदान एवं नेत्रदान के लिए जागरूक किया गया। जिससे जरूरतमंद लोगों को एक नए जीवन मिल सके। छत्तीसगढ़ ऑर्गन डोनेशन द्वारा भरवाए गए नेत्रदान संकल्प फॉर्म को मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में जमा करवाया गया और संकल्प लेने वाले लोगों को मेडिकल कॉलेज द्वारा संकल्प पत्र प्रदान करवाई गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ आरसी आर्य, वरिष्ठ डॉक्टर रेलवानी, डॉ. रजत टोप्पो नोडल नेत्र विभाग व अन्य डॉक्टर, स्टाफ एवं संस्था के लोग उपस्थित थे।



CMYK







# गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान को इको टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का प्रयासःडायरेक्टर आर रामाकृष्णा वाय

**गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान कोरिया में बना भारत का पहला ट्रैकिंग टैक**

## » इस साल 13 वीं ट्रैकिंग टीम पहुंच चुकी है जिनमें से कई परिवार के साथ पहुंचे हैं जिनमें कुछ डॉक्टर हैं तो कुछ आईटी प्रोफेशनल्स

» **कैंप साइट में ट्रैकिंग करने पहुंचे देशभर से आए ट्रैकर जिसमें बच्चे भी शामिल हैं**





- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान को भारत का पहले इको टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में डेवलप करने कदम बढ़ाया गया है। वहीं इकलौता नेशनल पार्क में पहला ट्रैकिंग ट्रैक बन गया है। हिमालय की पहाड़ी पर ट्रैकिंग कराने वाली नामी कंपनी इंडिया हाइक से अनुबंध होने के बाद इस साल अक्टूबर से जनवरी तक ट्रैकिंग टीम पहुंच चुकी है। देश भर में सिर्फ गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में ट्रेकिंग की जा रही है, पूरे देश भर के अलग अलग हिस्सों से ट्रैकर यहां पहुंचें है, इनमें कुछ तो सपरिवार है, इन ट्रैकर में आईटी सेक्टर से लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, वकिल के साथ सरकारी अधिकारी भी है जो जंगल के बीच टेंट में रहकर यहां के रोमांच का आंनद उठा रहे है। इस संबंध में गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के संचालक वायआरएस रामाकृष्णन ने बताया कि इस वर्ष इंडिया हाईट्स के द्वारा पार्क में टैकिंग का आयोजन किया गया है, इकोफेंडली टैकिंग के तहत देशभर से टैक्रर यहां आए हुए है अभी तक 13 बैच में ट्रैकर आ चुके है, एक बैंच और आएगा, 15 अक्टूबर से 15 फरवरी तक ट्रैकिंग का आयोजन किया जाता है।

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में स्थित गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में देश के कोने कोने से दो दर्जन ट्रेकर आए हुए है, पार्क के घने जंगलों के बीच छोटे छोटे टैंट लगाकर रात और दिन वहीं रूक कर ट्रैकिंग का आन्नद ले रहे, इसमें दिल्ली, बैगलोर, हैदराबाद, पुणे सहित विदेशी ट्रैकर भी पहुंचें हुए है। इंडिया हाईट्स देश भी में ट्रेकिंग को प्रमोट करती है, गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में ट्रैकिंग की पूरी व्यवस्था उसी की है। ट्रैकर सुबह उठ कर पहले थोड़ा करसत करते है, इसमें महिलाएं और छोटे छोटे बच्चे भी शामिल है उसके बाद प्रतिदिन पहाड़ो से होकर लगभग 10 किमी की दूरी तय कर दूसरे छोर पहुंचते है, जहां रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन के लिए वे तैयार होते है।

### कचरा प्रबंधन खुद करते है ट्रैकर

पार्क में ट्रैकिंग के लिए आए ट्रैकर कचरा प्रबंधन खुद करते है, हर ट्रैकर अपने साथ एक थैली साथ रखता है, दूसरे लोगों को फेंका कचरा भी यह उठाते ही है, साथ खुद के द्वारा किए कचरे को इकट्ठा कर डिस्पोज करते है। जहां रूकते है वहां से जाते वक्त उसको उसी हाल में ठीक करके जाते है।

### इकोफेंड्रली है व्यवस्था

इंडिया हाईट्स के अधिकारी श्री नितेश बताते है कि ट्रेकर जहां रूकते है, उनके लिए इको फेंडली बायोटायलेटस लगाए जाते है, प्लास्टिक को दूर रखा जाता है। खुले में शौच करना हानिकारक होता है, बायो टायलेटस में गड्ढा खोद कर मल पर नारियल का बुरादा डाला और टायलेट पेपर को उसी गड्ढे में डाल देते जिसके बाद इसे बंद कर देते है, जिसके बाद ये खाद बनकर तैयार हो जाता है और ये पर्यावरण के लिए काफी बढिया है और इसे लगाना भी बेहद आसान है।

### बढ़ सकती है ट्राइबल लाइफ स्टाइल नेचर के प्रति लोगो की रुचि

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान अफसरों ने बताया कि ट्रैकिंग का मुख्य उद्देश्य है, जीवन में प्रकृति, वन्यजीव और आदिवासी संस्कृति से परिचय कराना। ट्रैकर अपनी फैमिली के साथ बच्चों को लेकर भी पहुंच रहे हैं और प्रकृति को करीब से देख व समझ रहे हैं। जिससे बच्चे बड़े होकर प्रकृति को बचाने, संरक्षित करने को लेकर बेहतर काम कर पाएंगे।

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान को इको टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का प्रयास है। यह भारत का पहला ट्रैकिंग टैक है, जो किसी राष्ट्रीय उद्यान में बना हुआ है। इस साल 13वां बैच पहुंचा है। जिसमें करीब 300 ट्रैकर शामिल हैं।

आर रामाकृष्णा वाय,
डायरेक्टर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, कोरिया

# सूरजपुर में पुलिस अनुभाग स्तर पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को साइबर प्रहरी,बीट प्रणाली व आई रेड के बारे में दी गई प्रशिक्षण







- संवाददाता -
सूरजपुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में सूरजपुर पुलिस के साइबर प्रहरी कार्यक्रम, बीट प्रणाली एवं आई रेड का प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस अनुभाग स्तर पर किया गया जहां साईबर सेल की टीम के द्वारा इन विषयों पर थाना-चौकी में पदस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

जिले में चलाए जा रहे साइबर प्रहरी कार्यक्रम एवं बीट प्रणाली को और सशक्त बनाने एवं लोगों को साइबर अपराध से बचाव कैसे की जाए, इन विषयों पर पुलिस अधिकारी व जवानों को प्रशिक्षित करने शनिवार को थाना भवन ओड़गी में एसडीओपी राजेश जोशी की मौजूदगी में साईबल सेल प्रभारी एसआई निलाम्बर मिश्रा के द्वारा साइबर प्रहरी, बीट प्रणाली एवं आई रेड का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से आधुनिक दौर में किस प्रकार धोखेबाज कैसे किसी नागरिक को लालच का जाल बिछाकर धोखाधड़ी को अंजाम देता है, बचाव के क्या-क्या उपाए है, क्षेत्र के लोगों को साइबर अपराध से बचाव की दिशा में कैसे बेहतर कार्य किए जाए इसके बारे में विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के द्वारा की जा रही है।



थाना क्षेत्र में बीट प्रणाली के औचित्य एवं प्रत्येक गांव मोहल्ले की छोटी-छोटी घटनाओं की जानकारी सहित महत्वपूर्ण विषयों तथा प्रत्येक गतिविधियों से अपडेट रहने, ग्रामीणों की समस्याओं को जानने एवं निराकरण करने संबंधी बातों को बताया गया। आई-रेड के ड्रिस्टिक रोलआउट मैनेजर जयप्रकाश मेश्राम ने जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का आई-रेड (इन्टीग्रेटेड रोड़ एक्सीडेंट डेटाबेस) ऑनलाईन मोबाईल अथवा कम्प्यूटर में इंट्री शत-प्रतिशत कैसे की जाए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में थाना ओड़गी, चांदनी, झिलमिली, चौकी चेन्द्रा, मोहरसोप, कुदरगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में बीते दिन थाना प्रतापपुर में एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह की उपस्थिति में थाना प्रतापपुर, चंदौरा, भटगांव, रमकोला, चौकी रेवटी, खड़गवां के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

# धान खरीदी अंतिम चरण में और फर्जीवाड़े की संभावना भी बढ़ी

» **एक बार फिर गिरजापुर धान खरीदी केंद्र में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आया मामला सामने**

» **गिरजापुर समिति कर्मचारी के घर बड़े मात्रा में मिला बारदाना**



- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर/पटना,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

धान खरीदी की समय अवधि समाप्त होने वाली है और अंतिम चरण में धान खरीदी को लेकर भ्रष्टाचार भी भारी मात्रा में होने की संभावना बढ़ गई है सूत्रों की माने तो इन 3 से 4 दिनों के अंदर समिति प्रबंधक लाखों का वारा न्यारा कर सकते हैं जिसमें राइस मिलर भी शामिल है क्योंकि यह पूरी कार्यप्रणाली योजनाबद्ध तरीके से चल रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरजापुर धान खरिदी केन्द्र मे बडे पैमानें पर सिर्फ कागजों मे हुई फर्जी खरीदी कर ली गई है, मिलरो को धान के बदले 1700 रु. प्रति कूंटल भुगतान कर डीओ मैनेज किया जा सकता है जिसकी संभावना जताई जा रही हैं, समिती मे बोरे का स्टाक बराबर करनें के लिए फर्जी खरीदी दिखाते हुए लगभग 10 हजार बारदाना समिति कर्मचारी के घर रखा गया है जिसका वीडियो व फोटो वायरल हो रही है। अब सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि यदि फोटो और वीडियो सही है तो आखिर इतने भारी मात्रा में बारदाना कर्मचारी के घर क्या कर रहा है? क्या इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी या फिर जो संभावना जताई जा रही उसके अनुसार मिलर और समिति प्रबंधक लाखों का वारा न्यारा कर लेंगे? जानकारी के मुताबिक बैकुण्ठपुर तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया गिरजापुर जांच के लिए पहुंच तो गए हैं पर जांच कितने निष्पक्ष होगी इस पर सवाल बरकरार है क्योंकि कई बार ऐसी शिकायतें आई हैं और जांच ठंडे बस्ते में ही देखा गया है बचाने का प्रयास ज्यादा कार्यवाही करने का प्रयास कम ही दिखता है। पूर्व मे भी गिरजापुर समिति की शिकायत कलेक्टर कोरिया से की गई थी, वह मामला अभी तक दबा हूआ है और संभावना है कि दवा ही रहेगा क्योंकि किसी को भी दिलचस्पी नहीं है ऐसा लगता है कि सभी का हिस्सा बराबर मिल रहा है समस्या तो सिर्फ किसान की है, परेशान तो सिर्फ किसान को होना है बाकी समिति के कर्मचारी से लेकर तमाम लोगों को तो सिर्फ लाभ ही होना है, पूरे साल भर समिति को धान खरीदी का इंतजार होता है और हो भी तो क्यों ना हो क्योंकि यही तो वह समय होता है जब लाखों कमाया जा सकता है इसके बाद तो फिर आराम से खाने के दिन रहते हैं।

# थाना भटगांव पुलिस ने 4 क्विंटल चोरी का कबाड़ सहित 1 को किया गिरफ्तार



- संवाददाता -
सूरजपुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे जिसके बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा अवैध धंधे पर कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी क्रम में दिनांक 28.01.2023 को थाना भटगांव पुलिस को सूचना मिला कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 एएम 8623 में एसईसीएल सीएचपी खदान भटगांव से लोहे का कबाड़ चोरी कर अम्बिकापुर की ओर ले जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तेलगांव चौक के पास घेराबंदी कर पिकअप वाहन को रोकवाया गया। होना पाया। पिकअप वाहन चालक रामानंद सोनी पिता सुरेन्द्र सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी इंद्रा कालोनी भटगांव से कबाड़ खरीदी बिक्री करने का दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तत नहीं किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि सीएचपी खदान भटगांव से लोहे का कबाड़ चोरी कर परिहवन किया जा रहा था। पिकअप में लोड कबाड़ चोरी का होने की पूर्ण संभावना पर धारा 41(1-4)/379 भादसं के तहत कार्यवाही कर लोहे का कबाड़ 4 क्वींटल कीमत 20 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एसआई सी.पी.तिवारी, प्रधान आरक्षक संजय चौहान, आरक्षक प्रकाश साहू, रजनीश पटेल, नौशाद खान, कमलेश सिंह, प्रहलाद पैंकरा व

# लंबे समय व थाना प्रभारी बदलने के बाद पटना पुलिस की मिली बड़ी कामयाबी,17 जुआरी चढ़े पुलिस के हथे

» **पटना पुलिस ने 17 जुआरियों से बरामद किए लगभग 62 हजार रुपए**

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर/पटना 28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के पटना थाने को जुआ के मामले में लंबे समय के बाद बड़ी कामयाबी मिली है, यह कामयाबी भी तक मिली जब लंबे समय से जमें थाना प्रभारी का तबादला हुआ और नए थाना प्रभारी को पटना की कमान मिली, जिसके बाद पहली बार जुआ मामले में बड़ी कामयाबी मिली है, जिसमें 17 जुआरियों को पकड़ा गया जिनसे लगभग 62 हजार रूपए बरामद हुए, क्षेत्र में काफी समय से जुआ फाड़ संचालित हो रहा था पर पुलिस नाकाम थी इस बार पुलिस को ना जाने कैसे यह कामयाबी



कामयाबी बड़ी है और अच्छी है इसकी सराहना भी हो रही है।

मिलिजानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय कोरिया त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित झा एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बैकुण्ठपुर श्रीमति कविता कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनांक 27.01.2023 को मुखबीर द्वारा मौखिक सूचना मिला कि ग्राम तेन्दुआ बाजारपारा के प्रायवेट स्कूल के पीछे कुछ जुवाड़िया 52 पत्ती तास से रुपये पैसे का दाव लगाकर हार जीत का खेल खेल रहे है। उनके मोटर सायकल, कार स्कूल के सामने गवाहों को साथ लेकर हमराह स्टाफ मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर स्कूल के पीछे लगा बिजली लाईट में खेल रहे 17 जुआडियों को पकड़ने में सफलता मिली जिनके पास से तास के 52 पत्ते (तीन सेट), दाव में कुल नगदी रकम 62 हजार 8 सौ रुपये, एक प्लास्टिक चटाई फुल साईज, 10 नग मोटर सायकल कीमती लगभग 4 लाख रुपये, एक नग अर्टिगा कार व 11 नग मोबाइल कीमती सहित कुल जुमला कीमती 15 लाख 54 हजार रुपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पटना संदीप कुमार सिंह, सउनि. लवांग सिंह, प्र.आर. 36 राकेश भगत, प्र.आर. 76 नरेश लकडा, आर. 55 प्रमीत सिंह, आर. 483 राजेश्वर साहू, आर. 186 रूपनारायण सिंह, आर. 408 राम सिंह, आर. 615 राजकुमार खाखा, आर. 543 शिव दयाल जगत एन.सी.ओ. 27 पवन पटेल, सैनिक 377

# कर्मचारियों को वेतन दिलाने को लेकर विरोध में बैठे प्रकाश त्रिपाठी को जाना पड़ा जेल क्या यही है हमारे देश का संविधान?

» क्या संविधान के साथ भी जनमानस को नहीं चलने देगा सत्ता का प्रशासन?

» वाह रे प्रशासन!सोशल मीडिया से बाहर निकलकर आलोचक को सीधे विरोध करना पड़ा महंगा,भेजे दिए गए जेल

» चिरमिरी नगरनिगम कर्मचारियों के वेतन मामले में धरना दे रहे आलोचक प्रकाश त्रिपाठी सहित एक गिरफ्तार

» नगरनिगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को कई माह से नहीं मिला है वेतन

» नगरनिगम चिरमिरी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को करना पड़ रहा है आर्थिक दिक्कतों का सामना

» कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए आलोचक प्रकाश त्रिपाठी व वीरू खान दे रहे थे धरना

» चिरिमिरी पुलिस ने धरना स्थल पहुंचकर दोनो को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

- रवि सिंह -
चिरमिरी/मनेन्द्रगढ़,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

देश का संविधान इतना खूबसूरत है कि हर वर्ग के लोगों को अपना अधिकार समझ में आता है हमारा संविधान ही एक ऐसा है जो हर व्यक्ति को अधिकार के साथ बोलने व विरोध करने का अधिकार देता है पर इस अधिकार को भी सत्ता में बैठे लोग छीनने का प्रयास क्यों करते हैं? निगम कर्मचारियों को एक तरफ कई महीनों से वेतन नहीं मिल रहा और ना ही उन्हें वेतन दिलाने की तरफ कोई प्रयास हो रहा जबकि विधायक से लेकर महापौर तक कांग्रेस के हैं पर कर्मचारियों के प्रति उनकी बिल्कुल भी संवेदना दिख नहीं रहे, उल्टा उनके सिपेह सलाहकार सोशल मीडिया पर ही झूठ फैला रहे हैं कि वेतन मिल गया, चिरमिरी नगरनिगम कर्मचारियों को कई माह से वेतन प्राप्त नहीं हुआ है और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर सोशल मीडिया में आलोचक की भूमिका में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे प्रकाश त्रिपाठी और वीरू खान ने धरना देकर वेतन भुगतान की मांग नगरनिगम से करने की कोशिश की लेकिन वेतन भुगतान तो नहीं हुआ बशर्ते दोनो को पुलिस ने जबरन जेल भेज दिया। दोनों लगातार चिरमिरी नगर निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए अभियान चला रहे थे और उनके वेतन भुगतान के लिए वह सोशल मीडिया पर अभियान चलाए हुए थे और उन्होंने वेतन भुगतान नहीं होने पर धरना देने की भी घोषणा की थी और उसी अनुसार दोनो धरना दे रहे थे।

बता दें की प्रकाश त्रिपाठी पूर्व में कांग्रेस पार्टी से जुड़े रह चुके हैं और जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं थी वह कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में गिने जाते थे वहीं सरकार बनते ही साथ ही क्षेत्रीय विधायक से उनकी दूरियां जो कारण बनी और उन्होंने आलोचक बनकर विधायक की कमियों को सोशल मीडिया पर भेजने का काम शुरू किया। अभी चिरमिरी नगरनिगम में भी कांग्रेस की सरकार है और स्वयं विधायक की पत्नी ही महापौर हैं। चिरमिरी नगर निगम से पूजा पंडालों को चंदा दिया जा सकता है लेकिन कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा यह भी आरोप उन्होंने लगाया है।








### जेल में भी कर्मचारियों को वेतन दिलाने के लिए रहे भूखे

प्रकाश त्रिपाठी सहित वीरू खान ने जेल में भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा और उन्होंने अनशन कर अपना कर्मचारियों के प्रति समर्थन दर्ज किया। दोनों के अनशन से जेल प्रशासन भी परेशान हुआ और उन्होंने दोनों के अनशन की सूचना प्रशासन को दी और बताया जा रहा है की प्रशासन दबाव में आकर दोनो को रिहा करने मजबूर हुआ।

### क्या शांतिपूर्ण विरोध करना भी पसंद नहीं आ रहा है विधायक व महापौर को?

चिरमिरी नगरनिगम की महापौर स्वयं विधायक की धर्मपत्नी हैं वहीं दोनो कांग्रेस पार्टी से ही हैं और प्रदेश की तरह निगम में भी कांग्रेस की ही सरकार है वहीं प्रदेश से लेकर निगम तक की सरकार में मुखिया की भूमिका निभा रहे विधायक और उनकी महापौर पत्नी को शांतिपूर्ण विरोध पसंद नहीं आया और उन्होंने विरोध करने वालो को जेल भेजे जाने मामले में रोकने का प्रयास नहीं किया, अब सवाल उठता है की क्या जायज मांग के लिए अब शांतिपूर्ण तरीके से विरोध भी करना अपराध हो गया है और अब धरना प्रदर्शन मामले में सीधे जेल ही होगी?

### प्रकाश त्रिपाठी के जेल जाने से स्थानीय विधायक व महापौर पर उठे कई सवाल?

प्रकाश त्रिपाठी जो वैसे तो कांग्रेस पार्टी के ही सीपेहसलार रह चुके हैं और वर्तमान में वह आलोचक की भूमिका का निर्वहन कर रहें हैं लगातार विधायक और महापौर के क्रियाकलापों को सोशल मिडिया पर प्रसारित करने का काम करते हैं और आलोचना स्वरूप उनका यह प्रयास रहता है और वह हमेशा मनेद्रगढ़ विधायक सहित महापौर चिरमिरी के निशाने पर रहते है। माना जा रहा है उन्हे जेल इसी लिए भेजा गया है क्योंकि उनकी आलोचना से विधायक परेशान रहते हैं।

# समय नियोजन,अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी:प्र्रधानमंत्री






» लक्ष्य के साथ उचित अवसर का चयन करें,परीक्षा पे चर्चा में कोरिया के स्कूली बच्चों ने भाग लिया

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में कोरिया जिले की विभिन्न संस्थाओं में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मंडल स्तर पर समितियों का गठन किया गया था। परीक्षा पे चर्चा के जिला संयोजक देवेंद्र तिवारी ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि इसी कार्यक्रम के तहत आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने परीक्षा पे चर्चा का प्रचार प्रसार कर बच्चों एवं अभिभावकों को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया था। कोरिया जिले के लगभग सात हजार से ज्यादा बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिए। अभिभावकों की भी कार्यकम में उत्सवपूर्ण उपस्थिति रही। कोरिया जिले के लगभग सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालय के बच्चे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में भाग लिए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों और शिक्षकों से परीक्षा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत की। बच्चों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

उन्होंने एक गम्भीर विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि परिवार के लोगों की बहुत अपेक्षा होना स्वाभाविक है और उसमें कोई गलत भी नहीं है किंतु परिवार के लोग अपेक्षाएं सोशल स्टेटस के कारण कर रहे हैं तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनके हुनर के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने कहा टाइम मैनेजमेंट बहुत जरूरी है, सिर्फ परीक्षा के लिए नहीं अपितु जीवन में हमेशा हमें टाइम मैनेजमेंट के प्रति जागरूक रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके भीतर जो ताकत है वही आपको आगे लेकर जाएगी। एक्जाम तो आती है, जाती है लेकिन हमें जिंदगी जीभर के जीनी है।इसलिए हमें शॉर्टकट की ओर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा वर्क हार्ड बट स्मार्टली। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि समृद्ध लोकतंत्र के लिए आलोचना एक शुद्धि यज्ञ है।आलोचना करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है।एनालिसिस करनी पड़ती है। ज्यादातर लोग आरोप लगाते हैं, आलोचना नहीं करते।आलोचना और आरोप में बड़ी खाई है, अंतर है।

उन्होंने कहा कि जब हम यह सोचते हैं कि एक्जाम गया तो जिंदगी गयी, ये सोच सही नहीं है,क्योंकि जीवन किसी एक स्टेशन पर नहीं रुकता। जिस तरह क्रिकेटर का ध्यान लोगों के चिल्लाने पर नहीं,बल्कि अपने खेल पर फोकस होता है।इसी तरह आप भी दबावों में न रहें, सिर्फ अपने लक्ष्य और उचित अवसर पर ध्यान रखें। प्रधानमंत्री ने बच्चों से कहा कि सामान्य लोग जब असामान्य काम करते हैं तो ऊंचाई पर चले जाते हैं और एवरेज के मापदंड को तोड़ देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है। हम गर्व के साथ कहते हैं कि हमारे पास सैकड़ों भाषाएं हैं। ये हमारी रिचनेस है और हमें इसपर गर्व होना चाहिए।

शिक्षा विभाग, विद्यालय प्रबंधन के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी इस आयोजन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि परीक्षा पे चर्चा में बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, पंकज गुप्ता, देवेन्द्र तिवारी, शैलेश शिवहरे,अनीता तिवारी, धर्मवती राजवाड़े, हर्षल गुप्ता, रवि त्रिपाठी ,तीरथ राजवाड़े, सतेंद्र राजवाड़े, प्रखर गुप्ता, कुणाल जायसवाल, आलेख नामदेव,पटना से कपिल जायसवाल,विनोद साहू, अनिरुद्ध ठाकुर, प्रेमप्रकाश पांडेय, संदीप दुबे, शंकर सोनी, अनिल जायसवाल,रामलखन यादव बचरापोंडी से प्यारे साहू, अवधबिहारी जायसवाल, अशोक जायसवाल, जगनारायण साहू, रामप्रताप साहू,राजेन्द्र चक्रधारी ,संतोष जायसवाल सलका से गोपाल राजवाड़े, वंदना राजवाड़े, रामचंद्र राजवाड़े,दिनेश कुमार चरचा से अरुण जायसवाल,राजेश सिंह,शशिभूषण राय, उर्मिला सिंह सोनहत से ईश्वर राजवाड़े, केपी सिंह, मनोज साहू, प्रकाश राजवाड़े, हरिचंद राजवाड़े का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न



» ठेकेदारों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना महत्वपूर्ण योजना है, जिसके जरिये लोगों को घरों तक आसानी से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने योजनांतर्गत चल रहे कार्यों के समीक्षा की।

बैठक में समिति के सदस्य सचिव कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी समिति को उपलब्ध करायी गयी। उन्होंने सदस्यों के समक्ष अनुमोदन हेतु एजेण्डा प्रस्तुत किया। बैठक में एजेण्डा अनुसार विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें जल जीवन मिशन योजनांतर्गत चल रहे कार्य देयकों के भुगतान का अनुमोदन के सम्बंध में चर्चा, सोलर पम्प स्थापना हेतु भुगतान अनुमोदन, जल जीवन मिशन योजनांतर्गत वार्षिक कार्ययोजना एएपी 2022-23 सपोर्ट एक्टिविटी के तहत प्रचार-प्रसार संबंधित प्रशिक्षण आदि बिंदुओं पर अनुमोदन किया गया।

बैठक के पश्चात कलेक्टर श्री लंगेह ने विभिन्न कार्यों से सम्बंधित ठेकेदारों के साथ बैठक ली तथा कहा कि कार्यों में तेजी लाएं, ताकि आमजनों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता युक्त हो तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य में उपयोग किये जाने वाले सामग्रियों पाईप सबमर्सिबल पंप, फ्लो कंट्रोल वाल्व आदि की गुणवत्ता परीक्षण उपरांत निर्धारित मापदण्ड पाये जाने पर ही उपयोग किए जाएं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में जलस्त्रोत एवं उपलब्धता को ध्यान में रखकर ही कार्य शुरू करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या को सम्बन्धित विभाग के सहयोग से तत्काल निराकृत करें। इस दौरान श्री लंगेह ने जिला समन्वयक को जल जीवन मिशन के सम्बंध प्रचार-प्रसार कर लोगों को जानकारी देकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# निजात अभियान से प्रभावित होकर ग्रामीण महिलाएं अपने क्षेत्र में शुरू कर रहे नशाबंदी



» धमकी दिए जाने पर पुलिस से सहयोग की लगाई गुहार

- संवाददाता -
कोरबा,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जिला पुलिस द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे कार्यवाही एवं जागरूकता निजात अभियान का प्रभाव दिखने लगा है ढू लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागी बन रहे हैं और यह एक स्व स्फूर्त आंदोलन बन गया है। जनता एवं विभिन्न संगठन अपने क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने हेतु स्वयं आगे आकर पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। थाना दीपका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयनगर ग्राम पंचायत ढूरेना की महिला समूह की महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आकर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह से मिलीं, बताया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान से प्रभावित होकर काफी लोगों पर अच्छा असर पड़ा है, जिससे क्षेत्र में अपराध में कमी आ रही है। महिलाएं भी अब इस अभियान से जुड़ने से कुछ नशेबाज किस्म के लोगों द्वारा महिलाओं को धमकी दी जा रही है जिसके एवज में ग्रामीण महिलाए जिले के पुलिस कप्तान से मिलकर नशे के विरुद्ध लड़ाई में पुलिस के द्वार महिलाओं सुरक्षा की के लिए सहयोग माँगा गया। जिले के पुलिस अधीक्षक ने तत्काल दीपिका थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह को फोन कर इन महिलाओं को आवश्यक सुरक्षा एवं सहयोग देने हेतु निर्देशित किया । महिलाओं को नशे के विरुद्ध मजबूती से लड़ाई लड़नेके लिए प्रोत्साहित किया । जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान का समाज पर व्यापक एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अभियान से प्रभावित हो कुछ महीने पूर्व थाना कटघोरा क्षेत्र के ग्राम सलोरा एवं महेशपुर के ग्रामीणों ने संपूर्ण नशाबंदी का संकल्प लिया है। थाना बालको नगर क्षेत्र के ग्राम बाघामार के दर्जनों पहाड़ी कोरवा एवं चौकी सर्वमंगला क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण नशा छोड़कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ कर सामान्य जीवन व्यतीत करना शुरू कर दिया है । चौकी कोरबी क्षेत्र के ग्राम सरमा के ग्रामीणों ने भी गांव को नशामुक्त ग्राम बनाने का पहल शुरू किया है । पुलिस ने नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के साथ ही नशे के बुरी तरह आदी आधा दर्जन युवकों को बिलासपुर के एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया है। कोतवाली, पाली, हरदीबाजार सहित कई थाना में नए बने नशामुक्ति कक्ष में नशे के आदी लोगों को काउंसलिंग करते हुए उनकी निगरानी की जा रही है।

# महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क योजना के तहत चयनित आदर्श गौठान मझगंवा में विभिन्न रोजगारोन्मुख गतिविधियों ने बदली महिलाओं की जिंदगी

» सामुदायिक बाड़ी, मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन एवं वर्मी खाद निर्माण और विक्रय जैसी गतिविधियों से महिलाओं ने कमाई 2 लाख से भी ज्यादा की आय

» अब लघु उद्योग के रूप में गोबर पेंट यूनिट, स्टेशनरी प्रोडक्ट, पेपर कप,बाक्स मेकिंग का काम भी होगा शुरू

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत चयनित आदर्श गौठान मझगंवा में विभिन्न रोजगारोन्मुख गतिविधियों ने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। जिले के विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के आदर्श गौठान मझगंवा में संचालित विभिन्न गतिविधियों में संलग्न महिलाएं मेहनत और लगन से कार्य कर लाभान्वित हो रहीं हैं। ग्राम गौठान में 284.4 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और विक्रय से महिलाओं ने 33 हजार से अधिक की आय प्राप्त की है। वहीं सामुदायिक बाडी का कार्य कर रहीं प्रगति स्वयं सहायता समूह द्वारा गौठान में 2.50 एकड़ क्षेत्र में बाड़ी विकसित किया गया है, जिससे महिलाओं ने 75 हजार रूपए आय प्राप्त की है। गौठान में ही मशरूम उत्पादन कर रहीं माँ दुर्गा स्वयं सहायता समूह द्वारा 15 हजार रूपये की आय हासिल की गई है। मुर्गीपालन के काम में जुड़ी कल्याणी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मात्र 28 हजार रूपये की लागत पर 78 हजार रुपए आय प्राप्त कर ली है। गौठान में 2.50 एकड़ क्षेत्र में लेमनग्रास के उत्पादन से कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा इसेंसियल आयल, लेमन टी, साबुन तैयार किया जा रहा है। साथ ही 2.50 एकड़ क्षेत्र में एलोवेरा का उत्पादन शुरू किया गया है।





उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए वहां महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क बनाए जा रहे हैं, जिसमें मझगंवा गौठान का चयन कर लघु उद्योग विकसित किये जायेंगे। इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाओं और युवाओं को रोजगार और आय के अवसर मिलेंगे। रीपा योजनांतर्गत गौठान में यहां गोबर पेंट निर्माण यूनिट, स्टेशनरी प्रोडक्ट मेकिंग एवं प्रिंटिंग यूनिट, पेपर कप, बाक्स मेकिंग गतिविधियां प्रस्तावित हैं।

CMYK

# लोक निर्माण विभाग की सड़कों का उसके मापदंड और मानको के विपरित निर्माण कार्य

- अधिकारी जमे हैं सालों से देखरेख में खुलेआम हो रहा है भ्रष्टाचार
- 10 से 15 वर्षों से विभाग में जमे हुए हैं अधिकारी सिस्टम की आड में चल रहा है खेल
- कोरिया एमसीबी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बडे मात्रा में सड़क घोटाला
- कोरिया एमसीबी जिले में लोक निर्माण विभाग के नाम पर ग्रामीण अंचलों का पैसा अधिकारी और ठेकेदारो ने अपनी तीजोरी में भरा है





- राजेन्द्र कुमार शर्मा -
खडगवा,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

लोक निर्माण विभाग के तहत कोरिया एमसीबी जिले के खड़गवां विकासखंड के गांवों में बनाई जा रही सड़कों के मापदंडों व नियम कायदों को दरकिनार कर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ठेकेदारों से मिलीभगत करके बेतहाशा मुनाफा कमा रहे हैं। केवल गावं की ही सड़के इस परिधि में है जिसका फायदा अधिकारी उठा रहे है। सड़क निर्माण में बरती गई लापरवाही और निर्माण के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत ग्रामीणों ने की है साथ ही मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने भी इस सम्बन्ध में बोल चुके हैं कि सड़क बनाने में घटिया मटेरियल और गुणवत्ता विहीन सडक निर्माण के साथ खिलवाड़ किया गया तो ठेकेदारो एवं अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही कि जाएगी उसके बाद भी ठेकेदारों ने अधिकारियो से मिली भगत करके सड़क के निर्माण में गुणवत्ता और मापदंडो को ठेंगा दिखते हुए कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कमीशन के लालच ने अधिकारियो के आंख-कान बंद कर दिया है और ठेकेदार घटिया निर्माण एवं गुणवत्ता विहीन निर्माण कर लागत का बड़ा हिस्सा डकार रहे हैं। निर्माण एजेंसी की शर्तो के मुताबिक ठेकेदार पर कम से कम पांच वर्षो तक बनाई गई सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी भी होती है लेकिन एक बार ठेकेदार सड़क बनाकर हटा फिर दोबारा उस सड़क की ओर देखता तक नहीं है




### कोरिया एमसीबी जिले की निर्माणाधीन सड़कों में बड़ी अनियमितता

कोरिया एमसीबी जिले के खड़गवां क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग में काफी अनियमितता होने की शिकायत आ रही है। गांववालों ने शिकायत भी की है लेकिन उनकी शिकायत पर अधिकारी ध्यान क्यों दे । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया एवं एमसीबी जिले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जो विगत 10 से 15 सालों से कोरिया एमसीबी जिले में पदस्थ होने की जानकारी है। सरकार आयी गयी लेकिन अधिकारी अपने जगह से टस से मस नहीं हुए।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि उक्त अधिकारी की ठेकेदारों से तगड़ी सेटिंग है।

### जीएसबी और डब्ल्यूएमएम के मापदंडो की सारे आम अवहेलना

जिलदा से कदमबहरा दुग्गी पहुंच सडक गुडघेला नाला से सिंघत पहुंच, और चोपन से भरदा की सड़कों की ही तरह अन्य सड़क जिनका बरसात से पहले डामरीकरण हुआ है इन सड़कों के रखरखाव-मरम्मत के अभाव में निर्माण के चंद महीनों बाद ही खराब हो गई हैं और धंसकने लगी है। जगह-जगह डामर की परत भी उखड़ गई है। इन सड़कों में जीएसबी और डब्ल्यूएमएम में हजारों घन मीटर क्रेशर गिट्टी का उपयोग होना था लेकिन उसका उपयोग नहीं किया गया बल्कि हजारों घन मीटर क्रेशर गिट्टी के उपयोग के नाम पर चोरी की गई और करोड़ों रुपयों का सीधा-सीधा घोटाला किया गया। क्वालिटी कंट्रोल को जांचने वाले अधिकारी ने भी बिना देखे क्वालिटी कंट्रोल का मानक प्रमाण पत्र दे दिए जो घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार को प्रमाणित करता है। गांव वाले आम जनता ठेकेदार की शिकायत करने से किसी प्रकार की कोई जाच भी नहीं होती हैं क्योंकि विभाग के अधिकारी मनमाने ढंग से शिकायतों का निपटारा बिना कार्रवाई किए स्थानीय स्तर पर ही कर देते हैं।

### अधिकारियों ने खोल रखी है दुकान यानी ये कहा जाए कि चोर को दी तीजोरी की चाभी

लोक निर्माण विभाग के तहत बनाई गई सड़को की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए व्यवस्था भी है। जिसके अनुसार सड़क बनाने वाले अधिकारी जो जिला स्तर का होता है उसकी जिम्मेदारी होती है।

लेकिन देखने में आता है कि ये अधिकारी भी ठेकेदारों से मिलकर लाखो रूपये वारा न्यारा कर देते है। प्राय- प्रत्येक सड़क का राज्य गुणवत्ता समीक्षक द्वारा कम से कम तीन बार निरीक्षण करना अनिवार्य है । सिर्फ इसलिए की सड़को की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो लेकिन देखने में आ रहा है कि ठेकेदारों पर इन अधिकारियो का लगाम नहीं है। इस बारे में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में जाना चाहा तो कहा कि सडके जो बनी है वह उच्च गुणवत्ता युक्त नहीं है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सडको से संबंधित जानकारी देने से बचने के लिए फोन ही नहीं उठाते है.



## उदय किरण बने कोरबा के नए पुलिस अधीक्षक,संतोष सिंह का 07 महीने में ही हुआ तबादला

- संवाददाता -
कोरबा, 28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के गृह( पुलिस) विभाग मंत्रालय द्वारा 8 जिलों के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए । कोरबा के जिला पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह जिनकी पदस्थापना जुलाई 2022 में कोरबा में हुई थी, उन्हें बिलासपुर का एसपी बनाया गया है। उनके स्थान पर कोरबा के नए पुलिस अधीक्षक उदय किरण को बनाया गया है। बता दें कि तेज तर्रार आईपीएस में गिने जाने वाले उदय किरण इससे पहले भी कोरबा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के तौर पर कार्य कर चुके है । उनके पुनः जिले में पुलिस अधीक्षक के तौर पर पदस्थापना होने से जिले के अपराधियों में खलबली मच गई है।

# छत्तीसगढ़ में पहला विकल्प होगा आम आदमी पार्टीःछत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा

- 90 विधानसभा में प्रत्याशियों को उतारने की गयी घोषणा

- संवाददाता -
कोरबा, 28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।




कोरबा जिले के इंद्रा स्टेडियम में स्थित राजीव भवन में आमआदमीपार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं 03 बार के दिल्ली विधानसभा के विजेता श्री संजीव झा ने पत्रकारों के बीच प्रेस वार्ता में कहा की विगत 20 साल में छत्तीशगढ़ की तत्कालीन एवं वर्तमान सरकार यहाँ के प्रदेश वासियों को सिर्फ छला है ढ्ढ फर्क सिर्फ इतना की पहले भाजपा ने अब कांग्रेस की सरकार छल रही है ढ्ढ छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार यहाँ की जनता को छलने के साथ साथ उनका शोषण भी कर रही है ढ्ढ उन्होंने भूपेश सरकार पर तंज कस्ते हुए कहा के प्रदेश की सरकार यहाँ लोगों को गोबर बेचवाकर करोड़ पती बनवा रही है , जबकि यहाँ की जमीनी हकीकत कुछ और ही ब्यान कर रही है ढ्ढ आप पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी ने कहा के छत्तीसगढ़ की जनता विगत 04 साल से कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से त्रस्त है। कांग्रेस की सरकार पर हमला करते हुए कहा के प्रदेश की सरकार लूट खसोट की सरकार है जो जनता के पैसे को लूटकर कांग्रेस पार्टी को दुसरे राज्यों में चुनाव लड़ने के लिए दे रही है ढ्ढ भूपेश सरकार में जिन भी मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी सभी मिलबांट कर लूट रहे है यही कारन है के , पिछले 20 साल में दोनों भाजपा और कांग्रेस की कार्यकाल को देखते हुए प्रदेश की जनता अब आम आदमी पार्टी पर उम्मीद लगाई हुए है, जो प्रदेश की जनता के उम्मीदों पर खरी उतरेगी ढ्ढ इसका सीधा उदहारण दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी का आना ढ्ढ दस साल पहले आम आदमी पार्टी देश के किसी भी प्रदेश में सरकार नहीं थी ,पर पिछले दस सालों में आमआदमी पार्टी दो प्रदेशों में जनता ने 50 प्रतिसत से ज्यादा वोट देकर सरकार बनाई जो छत्तीसगढ़ की जनता देख रही है ढ्ढ उन्होंने कहा के यहाँ की जनता चाहती है के उन्हें भी वो सब सुविधाएँ मिले जो दिल्ली के जनता को मिल रही है ढ्ढ अरविन्द केजरीवाल जी की मॉडल ऑफ़ गवर्नेंस की आज देश ही नहीं विदेशों में चर्चाएँ हो रही है ढ्ढ उन्होंने इस दौरान जिले के 04 विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमें पार्टी को जिले में मजबूत करने के विषय पर चर्चा हुई।

साथ ही आमआदमीपार्टी के छत्तिशगढ़ लोकसभा के 11 सीटों के प्रभारियों एवं सचिवों के नाम की घोषणा की ढ्ढ जिनमे कोरबा लोकसभा प्रभारी श्री विशाल केलकर को बनाया गया ढ्ढ कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री उपेन्डी , जिला अध्यक्ष चंद्रकांत डिक्सेना एवं चारो बिधानसभा के कार्यकर्तता मौजूद रहे।

# एनटीपीसी कोरबा के मानसरोवर स्टेडियम में हर्षोल्लास से मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस

- संविधान में निर्देशित मौलिक कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाएँ - कार्यकारी निदेशक श्री पी एम जेना

- संवाददाता -
कोरबा, 28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



एनटीपीसी कोरबा में देश का 74 वां गणतंत्र दिवस, आज़ादी का अमृत महोत्सव के रूप में राष्ट्र भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मानसरोवर स्टेडियम में मनाया गया। इस शुभ अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के कार्यकारी निदेशक श्री पी एम जेना ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। तत्पश्चात अपने सम्बोधन में उन्होने भारत देश के संविधान के निर्माताओं को नमन किया एवं सभी से आग्रह किया कि वे संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सम्मान अर्पित करते हुए संविधान में निर्देशित मौलिक कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाएँ। उन्होने एनटीपीसी द्वारा देश हित में किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान परियोजना में सरहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को मेरिटोरीयस अवार्ड एवं बी-ई अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी के साथ हिन्दी पखवाड़ा के दौरान हुए विभिन्न प्रतियोगिता के पुरुसकार, यूनिट लेवेल मेधा प्रतियोगिता पुरुसकार, आदि भी वितरित किए गए।इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं दर्शक गणों के %टग ऑफ वार% भी कराया गया जिसमे कर्मचारियों सहित मैत्री महिला समिति के सदस्यों एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः श्री बी आर राव, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) द्वारा विकास भवन में ध्वजारोहण किया गया। समारोह में सभी महाप्रबंधकगण, कमांडेंट सीआईएसएफ़, विभागाध्यक्ष गण, मैत्री महिला समिति के पदाधिकारी गण, एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारी, सीआईएसएफ़ कर्मचारी, आदि की उपस्थिति रही।

# सुरक्षा और गश्त व्यवस्था की पोल खोलते हुए चोरों ने एक ही जगह से दो बार की चोरी

- संवाददाता -
कोरबा,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



जानकारी के मुताबिक रामचन्द्र कुमार ट्रांस पावर एण्ड इंजीनियरिंग कंपनी में सुपरवाईजर है। वह बालको प्लांट से टावर नंबर 6 से टावर नंबर 51 तक पेट्रोलिंग करता है। 400 लाईन बजरंग चौक, एश डैम, हवाई पट्टी, सोनपुरी, शिव नगर, सुमेधा होते हुए कुमगरी तक गई है। वर्ष 2016 से अब तक यह लाईन बंद था जिसे पुनः स्टार्ट होना था। कंपनी के द्वारा रामचंद्र को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। 15.01.2023 को पेट्रोलिंग करते हुए गया था तब यह लाईन ठीक था। 19.01.2023 को दोपहर करीब 3 बजे फिर निरीक्षण करने गया तो देखा कि ग्राम सोनपुरी प्राथमिक शाला के पीछे का टावर नंबर 19-20-21 का दो विद्युत तार तथा एक तरफ का एक विद्युत तार को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसकी जानकारी प्रभारी अधिकारी मोगली भार्गव एवं अजय चन्द्रा को दिया। उसके बाद लगातार पेट्रोलिंग कर रहे थे। 25.01.2023 को रात्रि पेट्रोलिंग कर वापस आ रहे थे कि सुबह करीब 6 बजे देखा तो जहां पर पहले चोरी हुआ था उसी में से दो विद्युत तार को भी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। एक खम्भा से दूसरे खंभे की दूरी लगभग 250 मीटर का होगा जिसमें एल्युमिनियम का 36 द्वद्व का तार लगा हुआ था। उसी में लगा हुआ ऐसेसिरिज (एसआरआई, एन्सूलेटर, करौना रिंग, डेम्पर बार) आदि कुल कीमत 95 हजार रूपये को गैस कटर से काटकर कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रामचन्द्र ने डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारी मोगली भार्गव एवं अजय चन्द्रा को यह सब बताया। डिपार्टमेंटल इंनवेस्टीगेशन करने के कारण रिपोर्ट में देरी हुई। 27.01.2023 को मोगली भार्गव, अजय चंद्रा एवं जितेंद्र शर्मा के साथ रामचंद्र कुमार ने बालकों थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराया।

# हरदीबाजार पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



हरदीबाजार थाना अंतर्गत दिनांक 26.01.2023 को प्रार्थी थाना हरदीबाजार उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी की पुत्री परिवार के अन्य बच्चों के साथ मेला देखने गई थी तभी आरोपीगण सुमन ऊर्फ पिंकू नेताम पिता रामचंद्र नेताम उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम लोटनापारा उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा व शांतनू नेताम पिता रामकुमार नेताम उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम लोटनापारा उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा द्वारा अंधेरे का फायदा उठाकर रास्ते में पीड़िता के मुंह को दबाकर खींचते हुए खेत में ले जाकर जबरदस्ती सामूहिक बलात्कार कियढ्ढ हैं। पीड़िता के पिता प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना हरदीबाजार में आरोपीगण सुमन ऊर्फ पिंकू नेताम व शांतनु नेताम के विरूद्ध अपराध क्रमांक 07/2023 धारा 376(घ), 506 भादवि., 4 पॉक्सो अधिनियम कायम कर पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा (रा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.) को हालात से अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त करने पर आरोपी गणों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया ढ्ढ हरदीबाजार पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों का पतासाजी करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपीगण लोटनापारा उतरदा में उपस्थित है और लुक छिप रहें है ढ्ढ सूचना पर तत्काल पुलिस पार्टी रवाना कर घेराबंदी कर दबिश दिया गया ढ्ढ आरोपीगण को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किये जिससे आरोपी गणों का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाए जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा थाना प्रभारी हरदीबाजार, सउनि. विजय सिंह, प्रआर. ओमप्रकाश बैस,आरक्षक संजय चन्द्रा, आरक्षक प्रवीण राजवाड़े, आरक्षक कमल कैवर्त,आरक्षक गौकरण श्याम, आरक्षक गौतम पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दर्शकों के बीच छतीसगढ़ी फिल्म 'ले चलहुं अपन दुवारी'बना रही अपनी अलग पहचान

- संवाददाता -
कोरबा,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

÷पॉपकार्न फिल्म्स÷ प्रोडक्शन के बैनर तले निर्माता देवनारायण साहू और उत्तरा कुमार साहू फिल्म के लेखक कौस्टन साहू और डायरेक्शन मृत्युंजय सिंह की आगामी 13 जनवरी को ले चलहु अपन दुवारी पूरे प्रदेश में प्रदर्शित हुई ! फ़िल्म का प्रदेश में बेहतर रिस्पॉन्स मिल रहा छतीसगढ़ी दर्शक शुद्ध परिवारिक फ़िल्म को बहुत पसन्द कर रहे है फ़िल्म में खास बात ये है कि छत्तीसगढ़ी फ़िल्म में पहली बार कैमरे में बेहतरीन तरीके से फिल्मांकन किया है युवा ऊर्जावान कन्या आरुषि बागेश्वर ने फिल्म की सूटिंग छत्तीसगढ़ के विभिन्न रोमांटिक एवं दर्शनीय स्थानों पर की गई है ! निर्माताओ ने बताया कि फिल्म का निर्माण छत्तीसगढ़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर केंद्रित है ! इस फिल्म में देशप्रेम के साथ साथ , इमोशन एवं कॉमेडी का भी भरपूर समावेश किया गया है ! फिल्म निर्माण में कहीं से कोई कमी न रह जाय इसके लिए सभी आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है ! इसके लिए पूरी टेक्निकल टीम मुम्बई से छत्तीसगढ़ आयी थी ! फिल्म मेकिंग की पूरी टीम नव युवाओं से प्रेरित है और इन लोगों ने भरपूर जज्बे ,उमंग ,उत्साह के साथ अपने काम को बखूबी से अंजाम दिया है ! फिल्म के लेखक, डायरेक्टर एवं डीओपी सभी पच्चीस से तीस साल के बीच के युवा हैं ! सभी युवा टीम का इरादा दर्शकों के बीच ऐसी फिल्म परोसने का है जिसे देखकर दर्शक बार-बार फिल्म को जरूर देखना चाहें और यह फिल्म छालीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम बना सके !

फिल्म में छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों के साथ ही मुम्बई फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों ने भी काम किया है ! नायक की भूमिका में शील वर्मा एवं नायिका पूजा शर्मा ( मोहनी एल्बम फेम) हैं ! इसके साथ साहेबदास मानिकपुरी, अक्षय वर्मा, विजय मिश्र, नरेंद्र दावड़ा, सुमित्रा साहू,मनीषा खोब्रागडे ने फिल्म में अहम किरदार निभाया है ! फ़िल्म संगीत मोनिका वर्मा,तुषान्त कुमार एवं तुषान्त सोलंकी व सिद्धान्त निराला ने गानों को कर्णप्रिय बनाया है 7 फ़िल्म को एडिट किया है संटू जी ने तो एक्सिक्यूटिव प्रोडक्शनब अब्दुल वाहिद ने फिल्म की पूरी टीम को आशा ही नहीं अपितु पूरा विश्वास है कि ले चलहुं अपन दुवारी फिल्म दर्शकों के बीच धीरे धीरे अलग पहचान बनाने में जरूर सफल होगी।

# बालको ने सतत् विकास की कटिबद्धता के साथ 74 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

- संवाददाता -
कोरबा,28 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

बालकोनगर (चैनल इंडिया)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 74वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। समारोह की शुरूआत बालको के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज शर्मा ने ध्वजारोहण के साथ किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान ने कर्मचारियों में देशभक्ति की भावना के संचार को बढ़ा दिया। श्री शर्मा ने बालको परिवार के सदस्यों को संगठन के विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बालको के योगदान के बारे में संबोधित किया। उन्होंने बालको द्वारा हासिल किए गए सभी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी दोहराया और सभी से विकास यात्रा में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया।

श्री शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि हम सब मिलकर ऐसा भारत बनाएं जो सामाजिक, आर्थिक और वैज्ञानिक प्रगति में पूरी दुनिया के लिए मिसाल हो। गुणवत्ता के मामले में पूरे विश्व में बालको के उत्पादों की सराहना किया जा रहा है। वर्ष 2025 तक देश में एल्यूमिनियम की मांग आज के मुकाबले दोगुनी हो जाएगी। ऐसे में हम सभी के लिए बड़ा अवसर है कि हम बाजार की मांग पूरा करने के लिए खुद को तैयार कर लें। बालको ने तकनीकी और आर्थिक प्रगति में योगदान के साथ ही औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, सस्टेनिबिलिटी और गवर्नेंस की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण काम किए हैं। बालको अपने प्रचालन में 'शून्य क्षति, शून्य अपशिष्ट, शून्य उत्सर्जन' नीति का पालन करता है। हम आस पास के कई सीमेंट उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रहे हैं। रेल के माध्यम से फ्लाई-ऐश को भेजकर कंपनी ईएसजी लक्ष्यों के साथ अर्थव्यवस्थाओं को निरंतर नई उचाईयों को प्राप्त कर रहा है।




बालको को आरोग्य वर्ल्ड द्वारा %हेल्दी वर्कप्लेस अवार्ड-2022% की श्रेणी में %गोल्ड अवार्ड% से भी सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कर्मचारी के स्वास्थ्य और भलाई के प्रति बालको के सर्वश्रेष्ठ प्रयासों का प्रमाण है जो कंपनी के देखभाल की संस्कृति में गहराई से निहित है। बालकोनगर में बालको अपने 75 सुपर स्पेशिएलिटी बेड युक्त 'बालको अस्पताल' के माध्यम से सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बालको 'चलित स्वास्थ्य इकाई' परियोजना के माध्यम से लगभग 1500 और 'ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट' परियोजना से लगभग 3000 निवासियों तक लाभ पहुंचा कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने का काम किया है। अपने प्रचालन क्षेत्रों में बालको ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग से जरूरतमंदों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना विकास की परियोजनाएं संचालित की हैं। चलित स्वास्थ्य वाहन, परियोजना नई किरण, परियोजना आरोग्य, परियोजना मोर जल मोर माटी, परियोजना कनेक्ट, वेदांता स्किल स्कूल आदि से जरूरतमंद नागरिकों को लाभ मिल रहा है।समारोह में बालकोनगर क्षेत्र में संचालित सेंट्रल बोर्ड और छत्तीसगढ़ बोर्ड के स्कूलों विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए। कक्षा 10वीं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 10 हजार रुपए नगद तथा कक्षा 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा लैपटॉप प्रदान कर उनके परिवारजनों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालको अधिकारी, कर्मचारी और व्यवसाय के साझेदार मौजूद थे। बालको के मुख्य मानव संसाधन (प्लांट और माइंस) मोनेश पांडेय ने आभार जताया।

**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,(छ.ग.)**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिप्रारानी दत्ता पति स्व0 अजित कुमार दत्ता, जाति कायस्थ, निवासी ग्राम/नगर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, खसरा नंबर 2278/14 रकबा 0.014 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करना के लिए बी-1,खसरा पटवारी नक्शा, रजिस्ट्री, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र की प्रति आदि संहिता आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 08/02/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/01/2023 को मेरे हस्ताक्ष एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
बलदेव सिंह
मंडी प्रबधक प्रतापपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...

कंचन सोनी
अध्यक्ष- नगर पंचायत प्रतापपुर
घनश्याम शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
एवं नगर पंचायत प्रतापपुर के समस्त स्टाफ

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
बालम साय-सरपंच
विनेश राम प्रजापति-सचिव
उप सरपंच एवं समस्त पंच गण
ग्राम पं.-पिपिंगी, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
पार्वती पैकरा-सरपंच
अमरजीत राजवाड़े-सचिव
उप सरपंच एवं समस्त पंच गण
ग्राम पं.-अंधला, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
नोहर साय मझवार-सरपंच
गुड्डा राम-सचिव
उप सरपंच एवं समस्त पंच गण
ग्राम पं.-सकरिया, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती जयंती सिंह-सरपंच
कुमार सिंह-सचिव
उप सरपंच एवं समस्त पंच गण
ग्राम पं.-अमगसी, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती सहोदरी उईके-सरपंच
केश्वर सिंह-सचिव
उप सरपंच-मुकेश सिंह एवं पंच गण
ग्राम पं.-गोरता, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
विनोद कु.पैकरा-सरपंच
राजेश प्रजापति-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-रजपुरी कला, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रदीप कु.टोप्पो-सरपंच
घनश्याम सिंह-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-पुटा, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रहलाद सिंह-सरपंच
रामसूरीत-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-इरगंवा, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती मुनेश पैकरा-सरपंच
सुरेश कु.सोनी-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-बेलदगी, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
फूल कुमारी कोरवा-सरपंच
केश्वर सिंह-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-गणेशपुर, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
संगीता कंवर-सरपंच
लाल साय-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-कोसंगा, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती कौशल्या तिर्की-सरपंच
रूपेन्द्र सिंह-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-रेम्हला, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
नारायण सिंह-सरपंच
रूपेन्द्र सिंह-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-केनापारा, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
सोनसाय मझवार-सरपंच
धरमेंद्र सिंह-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-पटकुरा, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती उर्मिला पैकरा-सरपंच
रूप देव गुप्ता-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-पीपर खार, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती रामकली-सरपंच
देव नारायण यादव-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-बिनीया, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
तुलाराम-सरपंच
राम गोपाल साहू-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-तीरकेला, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती राजकुमारी-सरपंच
राम गोपाल साहू-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-डांडकेसरा, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती गीता-सरपंच
राम गोपाल साहू-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-अरगोती, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती देवती सिंह मरावी-सरपंच
मथुरा चौधरी-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-अमलभिट्ठी, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
कृष्णनाथ खैरवार-सरपंच
जगदीश तिर्की-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-लब्जी, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
रामरूप टेकाम-सरपंच
सत्यनाराण सिंह-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-अमदला, ज.पं.-लखनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
मंगल राठिया-सरपंच
जुगुल राम-सचिव
उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पं.-कुन्नी, ज.पं.-लखनपुर


CMYK

## मुख्यमंत्री बघेल ने पद्मश्री सम्मान के लिए चयनित छत्तीसगढ़ की विभूतियों

# मंडावी और श्री कंवर को फोन पर दी बधाई

### छत्तीसगढ़ के कला जगत सहित पूरा प्रदेश हुआ गौरवान्वित



**रायपुर, 28 जनवरी 2023( ए)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पद्मश्री सम्मान के लिए चयनित छत्तीसगढ़ की विभूतियों श्री अजय कुमार मंडावी और श्री डोमर सिंह कंवर को फोन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उन्होंने देश के प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयनित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ का कला जगत सहित पूरा प्रदेश गौरवान्वित हुआ ।

उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के बाद यह पहला मौका है जब किसी एक साल में राज्य से तीन हस्तियों को पद्म सम्मानों के लिए चयनित किया गया है । वर्ष 2023 के लिए चुनी गई तीन हस्तियों में दो आदिवासी समाज से हैं ।

इनमें श्री डोमर सिंह कंवर को नाचा कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री दिया जाएगा । श्री डोमर सिंह कंवर ने सामाजिक क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम किया है। उन्होंने बाल विवाह जैसी अनेक कुप्रथा रुकवाने में मदद की है। कला के क्षेत्र में जाने माने नाम डोमर सिंह ने देश के अलग-अलग हिस्सों में 5000 से ज्यादा प्रस्तुति दी है।

वहीं श्री अजय कुमार मंडावी को कलाकृतियों का बेजोड़ नमूना तैयार करने के लिए पद्मश्री सम्मान से नवाजा जाएगा । लकड़ी पर कला का शानदार नमूना उकेरने वाले श्री मंडावी कांकेर के रहने वाले हैं।

दुर्ग की सुश्री उषा बारले को पंडवानी गायन के क्षेत्र में पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा । इन्होंने पंडवानी का प्रशिक्षण प्रख्यात पंडवानी गायिका एवँ पद्मविभूषण तीजन बाई से प्राप्त किया है । सुश्री बारले लन्दन एवं न्यूयॉर्क जैसे शहरों में पंडवानी की प्रस्तुति दी है ।

## मुख्यमंत्री ने लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें किया नमन



**रायपुर, 28 जनवरी 2023( ए)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में पंजाब केसरी के नाम से प्रसिद्ध अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । मुख्यमंत्री ने लाला लाजपत राय के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि लाला जी ने स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की। ब्रिटिश हुकूमत का विरोध करते हुए उन्होंने अपने जान न्यौछावर कर दिए। लाला जी ने कहा था 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी'। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि लाला जी की कही बात सच साबित हुई और उनकी शहादत ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। ऐसे वीर अमर बलिदानी लाला जी के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर



#### भूपेश के ओएसडी को भेजा जनसंपर्क

**रायपुर, 28 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर तबादलों का दौर चल पड़ा है। सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के मुताबिक, मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थ चेतन बोरघरिया को जनसंपर्क विभाग का अवर सचिव बनाया गया है। और विशाल कुमार महाराणा को सरगुजा जिले का डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।

### बड़े पैमाने पर थाना प्रभारियों का तबादला



#### अग्रवाल ने जारी किया आदेश

**रायपुर, 28 जनवरी 2023(ए)।** राजधानी रायपुर में एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बड़े पैमाने पर थाना प्रभारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें आजाद चौक और तेलीबांधा थाना प्रभारी को लाइन अटैच किया गया है।

एसएसपी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक बृजेश कुशवाहा गुढ़ियारी से उरला, एलेक्जेंडर किरो कबीर नगर से गुढ़ियारी, उमेंद्र टंडन कोतवाली से तेलीबांधा, लखनलाल पटेल पुरानी बस्ती से कोतवाली, नितेश ठाकुर मोहदापारा से आजाद चौक, मुकेश सिंह पंडरी से पुरानी बस्ती, लालमन साव टिकरापारा से मोहदापारा और अमित कश्यप एसीसीयू से थाना कबीर नगर प्रभारी बनाए गए हैं।

## सीएम बघेल के काफिले में होगी 14 नई फॉर्च्यूनर कारों की एंट्री




**रायपुर, 28 जनवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री के काफिले में अब काले रंग की नई चमचमाती टोयोटा फॉर्च्यूनर नजर आएंगी. रमन सरकार में खरीदी गई मित्सुबिसी पजेरो को सुरक्षा कारणों से काफिले से हटाया जा रहा है. पुरानी गाड़ियां करीब पांच साल चल चुकी हैं. सुरक्षा के लिहाज से भी इन गाड़ियों को बदलना जरूरी हो गया था. नई गाड़ियों की खरीदी के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई थी. कमेटी ने कई अलग-अलग कंपनियों के कोटेशन बुलाए थे. कमेटी की ओर से टोयोटा फॉर्च्यूनर पसंद की गई।

कमेटी के अप्रूवल के बाद काफिले के लिए 14 नई गाड़ियां खरीदी गई है, जिनमें से चार बुलेटप्रूफबनाई गई है. नई गाड़ियां एडवांस तकनीक से लैस हैं. बताते हैं कि स्पीड मॉनिटरिंग से लेकर लाइव लोकेशन को भी ट्रैक किया जा सकता है. अब नई गाड़ियां आ गई है, तो जाहिर मुख्यमंत्री का चुनावी दौरा भी इन्हीं गाड़ियों से होगा. रमन सरकार के दौरान जब मित्सुबिसी पजेरो खरीदी गई थी, तब गाड़ियों का नंबर 0004 रखा गया था।

राजनीतिक पंडितों ने यह कहकर माहौल बना दिया था कि सत्ता की चौथी पारी खेलने के इरादे से 0004 नंबर लिया गया है. मगर न्यूमेरोलॉजिस्ट (अंकगणितीय ज्योतिष) की गणना धरी की धरी रह गई. रमन सरकार सत्ता से बाहर हो गई. बहरहाल अब सुनाई पड़ रहा है कि काफिले की नई गाड़ियों के लिए नंबर की सीरीज ऐसी रखी जा रही है, जिसमें '23' आता हो।

राज्य में 2023 में चुनाव होने हैं. मुमकिन है कि इस बार भी किसी ज्योतिष ने यह नंबर सुझाया हो. अंकगणितीय ज्योतिष के मुताबिक 2 और 3 का मूलांक 5 होता है. मूलांक 5 का स्वामी बुध ग्रह है. बुध ग्रह को सभी ग्रहों का राजकुमार कहा जाता है. मूलांक पांच के प्रभाव से व्यक्ति हर वक्त बली होता है. बुद्धिमानी और चतुराई भी कूट-कूट कर भरी होती है।

जीवन में कामयाबी मिलती जाती है. मूलांक में अगर सीजी 02 के 2 को जोड़ दिया जाए, तो गाड़ी के नंबर का कुल मूलांक 7 हो जाता है. मूलांक 7 का स्वामी ग्रह केतु है. मूलांक 7 के प्रभाव वाला व्यक्ति अच्छा वक्ता होता है. अपने तर्कों के पक्ष में जनमत को लामबंद करने की योग्यता रखता है.

## कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा शुरू

### पहले दिन 3,000 किलोमीटर का सफर तय

**रायपुर, 28 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत कर दी गई है. इस यात्रा की शुरूआत रायपुर के पुराने कांग्रेस भवन यानी गांधी मैदान से की गई है। इसके साथ ही प्रदेश के 307 ब्लॉक संगठनों में एक साथ हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा शुरू हुई है. कांग्रेस ने दावा किया है कि सभी ब्लॉक को मिलाकर पहले दिन 3 हजार किलोमीटर की यात्रा की गई है. राजधानी रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने 12 किलोमिटर हाथ जोड़ो यात्रा की है. दरअसल, रायपुर में गणतंत्र दिवस के दिन अखिल भारतीय कांग्रेस के निर्देश पर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरुआत पूरे देश में की गई.

इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 26 जनवरी को इस यात्रा का शुभारंभ किया गया है. रायपुर के गांधी मैदान में महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर यात्रा की शुरूआत की गई. गांधी मैदान से निकली यह यात्रा कोतवाली चौक सदर बाजार होते हुए पुरानी बस्ती टिकरापारा छत्तीसगढ़ नगर स्थित दशहरा मैदान पहुंची, जहां कांग्रेस ने एक बड़े सभा का आयोजन किया. इसमे केंद्र की बीजेपी सरकार पर कांग्रेस ने जमकर निशाना साधा।



### 2 महीने में एक लाख 80 हजार किलोमीटर का सफर होगा

आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का पूरा संगठन हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में शामिल हो रहा है. घर-घर तक पहुंचने का ये बड़ा प्लान बनाया गया है. छत्तीसगढ़ कांग्रेस के मीडिया विभाग ने बताया कि यह पदयात्रा पूरे 2 महीने चलेगी और इस दौरान 1 लाख 80 हजार किलोमीटर पदयात्रा पूरी की जाएगी. प्रतिदिन प्रत्येक ब्लॉक में 10 किलोमीटर पदयात्रा करने का लक्ष्य रखा गया है. पहले दिन कांग्रेस ने 3 हजार किलोमीटर तक हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की है।

इसी साल नवंबर में विधानसभा का चुनाव होने वाला है. चुनाव को केवल 9 महीने बचे है तो कांग्रेस पार्टी पूरे संगठन के साथ घर-घर तक दस्तक दे रही है. इस लिहाज से इसे चुनावी अभियान भी माना जा रहा है, क्योंकि लगातार ये दो महीने तक 90 विधानसभा में और सभी बूथ पर कांग्रेस के नेता पहुंचने वाले हैं. इसके जरिए कांग्रेस राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यों का प्रचार करेगी. वहीं यात्रा को लेकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने तो यह कह दिया है कि केंद्र की बीजेपी सरकार की 8 साल की वादाखिलाफी, नाकामी, बढ़ती महंगाई, गिरती अर्थव्यवस्था, गंभीर रोजगार संकट, पेट्रोल डीजल रसोई गैस की महंगाई के साथ बीजेपी के आरक्षण विरोधी चरित्र का भी पर्दाफाश किया जाएगा।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का बढ़ेगा मानदेय

**रायपुर, 28 जनवरी 2023(ए)।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जल्द राज्य सरकार की तरफ से बड़ी सौगात मिल सकती है। राज्य सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को राज्य की ओर से दिए जाने वाले अतिरिक्त मानदेय में बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर लिया है।

आपको बता दें कि राज्य सरकार ने घोषणा पत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का नर्सरी शिक्षक के रूप में उन्नयन कर कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान की घोषणा की थी। आज महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया के विभागों की बजट चर्चा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ होने वाली है इस बैठक में महिला बाल विकास विभाग की तरफ से अतिरिक्त मानदेय में बढ़ोतरी का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा मुख्यमंत्री की अगर सहमति होती है तो फिर बजट में इसका ऐलान हो जाएगा

गौरतलब है कि, केंद्र सरकार की तरफ से संचालित आईसीडीएस परियोजना के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की पदस्थापना की जाती है। इन कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को केंद्र सरकार की तरफ से मानदेय के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त अंशदान के रूप में मानदेय का भुगतान किया जाता है।

### अभी दी जा रही राशि

छतीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या 46660 है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्र की



तरफ से कुल राशि ₹4500 दी जाती है। जिनमें केंद्र 60त्न यानी ₹2700 और राज्य सरकार 40त्न यानी 1800 देती है। राज्य सरकार की तरफ से ₹2000 रुपए अतिरिक्त मानदेय भुगतान किया जा रहा है। इस लिहाज से अभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ₹6500 मानदेय मिल रहा है।

उसी तरह आंगनवाड़ी सहायिकाओं की कुल स्वीकृत संख्या 46660 है, उन्हें कुल ₹2250 रुपये केंद्र सरकार की तरफ से दिये जाते है, जिनमें से केंद्र 60 प्रतिशत यानी 1350 और राज्य सरकार 40त्न यानी ₹900 का भुगतान करती है। राज्य अंश के रूप में अतिरिक्त ₹1000 मिलते हैं यानी अभी आंगनबाड़ी सहायिकाओं को ₹3250 मानदेय मिलता है।

उसी तरह मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या प्रदेश में 5814 है। केंद्र सरकार की तरफ से कुल राशि ₹3500 दी जाती है जिनमें से 60त्न केंद्रांश ₹2100 और 40त्न राज्य ₹1400 होता है। अतिरिक्त राज्यांश के रूप में ₹1000 का भुगतान किया जाता है यानी कुल मानदेय ₹4500 दिए जाते हैं।

### ये है बढ़ोतरी का प्रस्ताव

घोषणा पत्र में किए वादों के अनुरूप कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान का प्रस्ताव तैयार किया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अभी मौजूदा वक्त में 6500 मिल रहा है। उनके मानदेय में ₹4630 बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया गया है। आपको यह जानना जरूरी है कि अभी वर्तमान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कलेक्टर दर ₹11,130 है।

वही आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मौजूदा वक्त में ₹3250 भुगतान किया जा रहा है। उनके मानदेय में ₹6450 की बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया गया है। आंगनबाड़ी सहायिकाओं का अभी मौजूदा वक्त में कलेक्टर दर ₹9700 है।

वहीं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अगर बात करें₹4500 भुगतान किया जा रहा है। जिनके लिए बढ़ोतरी का प्रस्ताव ₹5850 तैयार किया गया है। मौजूदा वक्त में मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कलेक्टर दर ₹10350 निर्धारित है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं बजट में 66120.56 लाख का प्रावधान करना होगा।

## रायपुर एम्स के 800 कर्मचारी हड़ताल पर



**रायपुर, 28 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित एम्स अस्पताल में हड़ताल हो गई है। तकरीबन 800 कर्मचारी काम बंद कर सड़क पर उतर आए हैं। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हो गई हैं।

एम्स में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जिम्मा एक निजी कंपनी के हाथों में है। इस कंपनी के 800 कर्मचारी एम्स में साफ-सफाई, गार्डनिंग, इलेक्ट्रिशियन सहित अन्य कार्य करते हैं। शुक्रवार को सभी कर्मचारियों ने काम बंद कर हड़ताल कर दी है और सड़क पर उतर आए हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें कंपनी द्वारा कम वेतन दिया जाता है। उनका अबसेंट लगा दिया जाता है। बगैर नोटिस के पिछले एक महीने में 22 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी द्वारा श्रम नियमों का भी पालन नहीं किया जाता। कर्मचारियों हड़ताल में जाने से एम्स में साफ सफाई जैसी व्यवस्थाएं ठप्प पड़ गई है।






## विधानसभा चुनाव से पहले महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी और पद से दिया इस्तीफा

**बस्तर , 28 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में इसी साल विधानसभा चुनाव होने है, जिसे लेकर सभी पार्टियों ने कमर कसना शुरू कर दिए है. इस बीच कांग्रेस के लिए अच्छी खबर सामने नहीं आ रही है. दरअसल बस्तर कांग्रेस में आपसी गुटबाजी दिखने लगी है और पार्टी से इस्तीफा देने का दौर भी शुरू हो गया है. हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2 दिनों का बस्तर दौरा किया था. उनके वापसी के अगले ही दिन बस्तर शहर जिला कांग्रेस की अध्यक्ष कमल झज्ज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. इसके अलावा झज्ज ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है. हालांकि कमल झज्ज ने इसके पीछे पारिवारिक, स्वास्थ्य और पार्टी के व्यवहार को जिम्मेदार ठहराया है लेकिन उनके इस्तीफा देने की मुख्य वजह पार्टी के अंदर खाने चल रही गुटबाजी को बताया गया है. महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम को पत्र लिखकर कमल झज ने अपनी इस्तीफे का ऐलान किया है.



### सीएम बघेल के दौरे पर कमल झज का इस्तीफा

अपने इस्तीफे को लेकर कमल झज ने सोशल मीडिया में भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने इस्तीफा दिया. इधर सीएम भूपेश बघेल के बस्तर दौरे के ठीक बाद कमल झज का इस्तीफा राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है. इससे पूर्व भी सांसद दीपक बैज ने कुछ माह पहले कमल झज को शहर प्रतिनिधि के पद से हटा दिया था. इधर चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस शहर जिला महिला अध्यक्ष कमल झज्ज के इस्तीफा देने के सवाल पर बस्तर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं और इसे कमल झज्ज का व्यक्तिगत निर्णय बता रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री के बस्तर दौरे के ठीक एक दिन बाद शहर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष का इस तरह से अपने पद से इस्तीफा देना कई सवाल खड़े कर रहा है.

## कांग्रेसी और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट

### परिषद के छात्रों ने घेरा थाना

**बिलासपुर , 28 जनवरी 2023(ए)।** तखतपुर में एक बार फिर राजनीति भूचाल आ गया है। जब सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस मे भीड़ गए। जमकर मारपीट भी हुई, इसके बाद विद्यार्थी परिषद ने थाने का घेराव कर जमकर नारेबाजी की।




बताया जा रहा है कि विद्यामन्दिर में एबीवीपी का कार्यक्रम चल रहा। कांग्रेसजन भी वह हाथजोडो अभियान के तहत जनसम्पर्क में पहुच गए। जहा परिचय पूछने को लेकर पूरा बवाल और बखेड़ा हुआ। कहा जा रहा कि 15 साल की सत्ता खोने के बाद भाजपा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बौखलाहट में है और चुनावी साल में माहौल बनाने इस तरह का बखेड़ा कर रहे है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार तखतपुर के सरस्वती सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें एबीवीपी के अधिकारी व पदाधिकारी शामिल थे, संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह उस कार्यक्रम में पहुंच गई। अचानक स्कूली कार्यक्रम में आते देख एबीवीपी के पदाधिकारियों के द्वारा संसदीय सचिव से पूछा गया कि आप कौन हो, जिस पर पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह आग बबूला हो गई और कहा कि आप तखतपुर में आकर मुझे नहीं जानते हो, इसी बात पर वाद विवाद बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गया और विधायक के सुरक्षा कर्मियों और समर्थकों ने छात्र को पीट डाला। एबीवीपी के द्वारा संसदीय सचिव एवं विधायक का विरोध प्रदर्शन करते हुए तखतपुर थाने में जमकर नारेबाजी की गई और कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध लिखित आवेदन थाने में दिया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)